वार्षिक ANNUAL रिपोर्ट REPORT

2007-2008

Home to Housing Finance Solutions

राष्ट्रीय आवास बैंक
(भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व में)

NATIONAL HOUSING BANK
(Wholly owned by the Reserve Bank of India)

निदेशक मंडल
Board of Directors

राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 6 के अधीन
Appointed under Section 6 of the NHB Act, 1987

धारा 6(1) (क)
Section 6(1)(a)

एस. श्रीधर
S. Sridhar
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
Chairman & Managing Director

धारा 6(1) (ख)
Section 6(1)(b)

डा. ऐरोल डीसूजा
Dr. Errol D'Souza

विद्याधर के. फाटक
Vidyadhar K. Phatak

धारा 6(1) (ग)
Section 6(1)(c)

आर. वी. शास्त्री
R. V. Shastri

जयश्री ए. व्यास
Jayshree A. Vyas

धारा 6(1) (घ)
Section 6(1)(d)

श्यामला गोपीनाथ
Shyamala Gopitnath

लक्ष्मी चन्द
Lakshmi Chand

धारा 6(1) (ङ)
Section 6(1)(e)

डा. एच. एस आनन्द
Dr. H.S. Anand

अमिताभ वर्मा
Amitabh Verma

नीलम साहनी
Nilam Sawhney

धारा 6(1) (च)
Section 6(1)(f)

आर. सेल्लामुथु
R. Sellamuthu

डी. बी. गुप्ता
D. B. Gupta

राष्ट्रीय आवास बैंक

वार्षिक रिपोर्ट

2007-08

राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 40(5) के अनुसार प्रस्तुत 01 जुलाई, 2007 से 30 जून, 2008 तक के वर्ष के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक की 20वीं वार्षिक रिपोर्ट

राष्ट्रीय आवास बैंक का प्रबंध तंत्र

राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 6 के अधीन यथा 23 सितम्बर, 2008 को निदेशक मंडल

धारा 6(1) (क)	**श्री एस.श्रीधर** अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
धारा 6(1) (ख)	**डॉ.एरोल डी'सूज़ा** प्रोफेसर, आर्थिक क्षेत्र, भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद
	श्री विद्याधर के.फाटक(सेवानिवृत्त) प्रधान प्रमुख, नगर और ग्रामीण नियोजन प्रभाग, मुम्बई महानगर क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण
धारा 6(1) (ग)	**श्री आर.वी.शास्त्री** पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, केनरा बैंक
	सुश्री जयश्री ए.व्यास प्रबंध निदेशक, श्री महिला सेवा सहकारी बैंक लिमिटेड
धारा 6(1) (घ)	**सुश्री श्यामला गोपीनाथ** उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक
	श्री लक्ष्मी चंद, भा.प्र.से. (सेवानिवृत्त) निदेशक, केन्द्रीय निदेशक मंडल, भारतीय रिज़र्व बैंक
धारा 6(1) (ङ)	**डॉ.एच.एस.आनंद, भा.प्र.से.** (31.08.2008 तक) सचिव, भारत सरकार, आवास एवं शहरी ग़रीबी उन्मूलन मंत्रालय
	श्री अमिताभ वर्मा, भा.प्र.से. संयुक्त सचिव, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय
	सुश्री नीलम साहनी, भा.प्र.से. संयुक्त सचिव, भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय
धारा 6(1) (च)	**श्री आर.सेल्लामुथु, भा.प्र.से.** प्रधान सचिव, तमिलनाडु राज्य सरकार, आवास/शहरी विकास विभाग
	श्री डी.बी.गुप्ता, भा.प्र.से. प्रधान सचिव, राजस्थान राज्य सरकार, आवास/शहरी विकास विभाग

निदेशकों की कार्यपालक समिति

यथा 23 सितम्बर, 2008 को

श्री एस.श्रीधर, अध्यक्ष

सुश्री श्यामला गोपीनाथ

श्री लक्ष्मी चंद

श्री अमिताभ वर्मा

सुश्री नीलम साहनी

श्री आर.वी.शास्त्री

मंडल निदेशक मंडल की लेखापरीक्षण समिति

यथा 23 सितम्बर, 2008 को

श्री लक्ष्मी चंद, अध्यक्ष

सुश्री श्यामला गोपीनाथ

श्री अमिताभ वर्मा

सुश्री नीलम साहनी

सुश्री जयश्री ए.व्यास

श्री विद्याधर के. फाटक

जोखिम प्रबंधन सलाहकार समिति

यथा 23 सितम्बर, 2008 को

श्री एस.श्रीधर, अध्यक्ष

श्री आर.वी.वर्मा
कार्यपालक निदेशक

श्री सुरेन्द्र कुमार
कार्यपालक निदेशक

श्री आर.भल्ला
महाप्रबंधक

श्री आर.एस.गर्ग
महाप्रबंधक

श्री के.मुरलीधरन
महाप्रबंधक

श्री वी.के.बदामी
उप महाप्रबंधक

डॉ. धर्मेन्द्र भंडारी
सनदी लेखाकार

श्री वी.आर.अय्यर
उप महाप्रबंधक, ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स

प्रो.सुरेन्द्र सिंह यादव
प्रमुख, अध्ययन प्रबंधन विभाग, भारतीय प्रौद्यागिकी संस्थान, दिल्ली

विषय-सूची

	पृष्ठ सं.
■ 2007-08 की प्रमुख विशेषताएं	9
■ 2007-08 में अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था	10
■ 2007-08 में स्वदेशी अर्थव्यवस्था	13
■ आवास एवं संबंधित विषय	16
■ 2008-09 का केन्द्रीय बजट	16
■ संसाधन संग्रहण	18
■ धन का अभिनियोजन	18
■ 2007-08 के वित्तीय निष्पादन	21
■ नीतिगत पुनरीक्षण	21
■ विनियमन एवं पर्यवेक्षण	23
■ स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना	24
■ व्यापार नियोजन एवं संवर्धन गतिविधियां	26
■ क्षमता निर्माण	29
■ आवासीय बंधक समर्थित प्रतिभूतिकरण	29
■ नई पहल	30
■ भागीदारी संबंधी पहल	30
■ सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी पहल	31
■ अनुसंधान संबंधी गतिविधियां	32
■ आवासीय स्थावर सम्पदा मूल्य सूचकांक (रा.आ.बैंक का रेज़ीडैक्स)	34
■ कंपनी अभिशासन	34
■ मानव संसाधन	37
■ राजभाषा	38
■ विविध	38

1. 2007-08 की प्रमुख विशेषताएं

1.1 निष्पादन संबंधी विशेषताएं

1.1.1 वर्ष 2007-08 के दौरान कुल संवितरण 9,036.38 करोड़ रुपए की राशि का था, जिसमें से पुनर्वित्त की कुल राशि 8,586.89 करोड़ रुपए थी । यह बैंक के प्रारम्भ होने से किसी एकल वर्ष में प्राप्त सर्वाधिक संवितरण था। स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना के अधीन संवितरित कुल राशि 3856.19 करोड़ रुपए थी और यह राशि योजना के प्रारम्भ से संवितरित की गई सर्वाधिक राशि थी। स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना के अधीन बैंकों को संवितरण में कुल संवितरण के 78.26 प्रतिशत का लेखा दिया, जबकि इस योजना के अधीन आवास वित्त कंपनियों को संवितरण कुल संवितरण का 21.54% बनता था ।

1.1.2 बैंक की सकल अनुपयोज्य आस्ति वर्ष 2007-08 के दौरान एसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड की अनुपयोज्य आस्ति के लेखा की बिक्री के ज़रिए घटकर शून्य रह गई थी । बैंक की निवल अनुपयोज्य आस्ति शून्य चलती रही।

1.1.3 वर्ष 2007-08 के दौरान बैंक के निवल उधार की राशि का योग 6,273.90 करोड़ रुपए था ।

1.1.4 राष्ट्रीय आवास बैंक का रेज़ीडैक्स देश के 5 नगरों में अपनी प्रायोगिक परियोजना के साथ, देश का प्रथम सरकारी रिहायशी आवास का मूल्य सूचकांक जुलाई, 2007 में प्रारम्भ किया गया था ।

1.1.5 बैंक ने नए उत्पादों एवं सेवाओं की शुरूआत के ज़रिए आवास को विशेष रूप से समाज के असेवित एवं अल्पसेवित वर्ग के लिए अधिक सुगम और वहनीय बनाने का प्रयास किया ।

1.1.6 आवास व्यष्टि वित्त के उधार देने में वर्ष 2007-08 के दौरान क्रमशः 30 करोड़ और 2.49 करोड़ रुपए के संवितरण और संस्वीकृतियों के साथ गति पकड़ी। नव निर्माण एवं वृद्धिशील आवास, दोनों का वित्तपोषण बैंक ने किया जिसमें वर्ष 2007-08 के दौरान 25,000/- रुपए से लेकर 1 लाख रुपए तक की राशि दी गई थी।

1.1.7 रिवर्स मॉर्टगेज ऋण के संवर्धन के प्रति लक्षित बैंक के क्षमता निर्माण के उपायों के अनुसरण में, बैंक ने नई दिल्ली, हैदराबाद और चंडीगढ़ में रिवर्स मॉर्टगेज ऋण पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक परामर्श केन्द्र प्रारम्भ किया ।

14 जून, 2008 को कराईकुडी में एनएचबी की रूरल हाउसिंग माइक्रो फाइनेंस के उपक्रमण के अवसर पर माननीय वित्त मंत्री, श्री पी.चिदम्बरम्, अ.एवं प्रबं. निदेशक, श्री एस.श्रीधर तथा अन्य पदाधिकारी ।

एनएचबी हाउसिंग इन्फो का होम पेज, भारत का पहला आवासीय सूचना पोर्टल, जो आवास तथा आवास वित्त पर वैयक्तिकता को केन्द्रित करते हुए विश्वसनीय एवं व्यापक सूचना प्रदान करने की अपेक्षा करता है ।

1.1.8 इस वर्ष के दौरान, आवास और आवास वित्त पर सर्वाधिक अद्यतन, निष्पक्ष और सम्पूर्ण जानकारी के साथ, एक विश्वसनीय, एकल बिंदु स्रोत के रूप में काम आने के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक *हाउसिंग इन्फो इंडिया* नामक एक आवास सूचना पोर्टल विकसित किया गया था ।

1.1.9 ग्रामीण आवास के संवर्धनार्थ एक ग्रामीण आवास कोष बनाने की घोषणा 2008-09 के केन्द्रीय बजट में की गई थी ।

1.1.10 पिछले वर्ष में, बैंक ने संगोष्ठियों, कार्यशालाओं के माध्यम से और विश्लेषणात्मक तथा अनुसंधान अध्ययनों के माध्यम से जानकारी के प्रसार के प्रति ज्ञान संबंधी कई पहल की हैं । तीन अध्ययन किए गए थे, जिनमें से दो अध्ययन अर्थात् (क) आवासीय, वाणिज्यिक संपत्तियों और उनके भाटक मूल्यों के संचलन की निगरानी/संग्रहण के लिए समुचित उपायतंत्र विकसित करने और (ख) आवासीय संपत्तियों के मूल्य ढांचे के अध्ययन पर तथा तीसरा अध्ययन राष्ट्रीय आवास बैंक प्रबंधन संस्थान द्वारा रिहायशी आवास की मांग पर राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद द्वारा किए गए थे ।

1.1.11 राष्ट्रीय आवास बैंक ने अपने यहां भी विभिन्न अध्ययन किए जैसे कि आवास वित्त कंपनियों द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम का प्रयोग, इत्यादि ।

2. 2007-08 में अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था

2.1 वैश्विक अर्थव्यवस्था वित्तीय संकट के दोहरे आक्रमण के अध्यधीन रही है, जिसने पूंजी बाज़ारों को जकड़ लिया है और बुनियादी माल, विशेष रूप से कच्चे तेल एवं पेट्रोल और खाद्य की कीमतों में तेज़ी से वृद्धि हुई है । इसके साथ-साथ ही वित्तीय, ऊर्जा और खाद्य क्षेत्रों में खलबली हाल ही के विश्व अर्थव्यवस्था के इतिहास में अभूतपूर्व है । इससे उपभोक्ता के विश्वास और विश्व के आर्थिक विकास की संभावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, आस्ति मूल्यों की एक श्रेणी प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुई है और मुद्रास्फीति की प्रत्याशाएं बढ़ी हैं ।

2.2 अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के वर्ल्ड इक्नॉमिक आउटलुक, 2008 ने रिपोर्ट दी है कि वैश्विक विस्तार भारी वित्तीय संकट के सामने अपनी गति खो रहा है । वैश्विक विकास 2007 में 5 प्रतिशत से 2008 में 4.1 प्रतिशत तक मंद बताया जाता है । यह मंदी उन्नत

22 जून, 2008 को एनआईबीएम (NIBM) पर अ.एवं प्रबं. निदेशक, श्री एस. श्रीधर के साथ भा.रि.बैंक के तत्कालीन गवर्नर, डॉ. वाई.वी.रेड्डी ।

अर्थव्यवस्थाओं, विशेष रूप से संयुक्त राज्य, जहां आवासीय बाज़ार पर वित्तीय दबाव बढता रहा है, में बहुत अधिक रही है । यूरो एरिया और जापान के लिए भी विकास की संभावनाएं 2008 के उत्तरार्ध के दौरान की गतिविधि में मंद दर्शाई गई है । इसी प्रकार से, उभरती हुई और विकसित हो रही अर्थव्यवस्थाओं से भी निरुत्साहित हो जाने की आशा की जाती है । अद्यतन वर्ल्ड इक्नॉमिक आउटलुक के अनुसार विकास की संभावनाएं संक्षेप में नीचे दी जाती हैं :-

2.3 वैश्विक निवेश में मंदी के अतिरिक्त, मुद्रास्फीति उत्तरोत्तर एक बड़ी समस्या रही है । वैश्विक मंदी के बावजूद भी, मुद्रास्फीति का दबाव उभरती और उन्नत, दोनों अर्थव्यवस्थाओं पर बना रहा है । बहुत से देशों में मुद्रास्फीति का दबाव खाद्य और ईंधन के भारी मूल्यों से प्रेरित रहा है । जबकि तेल के मूल्यों में वृद्धि मुख्य रूप से, सीमित कम क्षमता के प्रसंग में आपूर्ति पक्ष की बाध्यता और भारी मांग के कारण हुई है, वहीं इसकी ओर, खाद्य के मूल्यों में वृद्धि

तालिका : 2.1

देश / क्षेत्र	वर्ष-दर-वर्ष विकास (प्रतिशत)	
	2007	2008
वैश्विक निवेश	5.0	4.1
उन्नत अर्थव्यवस्थाएं	2.7	1.7
संयुक्त राज्य	2.2	1.3
यूरो एरिया	2.6	1.7
जापान	2.1	1.5
यू.के.	3.1	1.8
उभरती एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाएं	8.0	6.9
चीन	11.9	9.7
भारत	9.3	8.0
आसियान - 5	6.3	5.6

स्रोत : वर्ल्ड इक्नॉमिक आउटलुक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, जुलाई, 2008 तक अद्यतन

24 जुलाई, 2007 को एशियन डवलपमेंट बैंक के उपाध्यक्ष, श्री लिक्वन जिन तथा महानिदेशक, श्री राबर्ट बेस्टानी रा. आ. बैंक के दौरे पर ।

जैविक ईंधनों के साथ खराब मौसम के कारण हुई है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में, हैडलाइन मुद्रा स्फीति में मई, 2008 में (वार्षिक परिवर्तन के परिणामस्वरूप) 3.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी । मुद्रा स्फीति में बढ़ोतरी उभरती और विकसित हो रही अर्थव्यवस्थाओं में अधिक चौंकाने वाली और व्यापक है, जो वस्तुओं की बढ़ती हुई कीमतों, प्रवृत्ति से अधिक विकास और अनुकूल आर्थिक नीतियों के कारण से बढ़ती है । उभरती और विकसित हो रही अर्थव्यवस्थाओं में हैडलाइन मुद्रा स्फीति मई, 2008 में 8.6 प्रतिशत तक बढ़ गई है ।

2.4 जबकि सब-प्राइम संकट 2007 में फूटा, तथापि इसने वित्तीय बाज़ार में विश्वास की गिरावट को 2008 के प्रारम्भ में ही अपनी पकड़ में ले लिया था । परिणामस्वरूप, आस्ति, विशेष रूप से इक्विटी के मूल्य धराशायी हो गए थे, जबकि जमा निवेश के सभी वर्गों के लिए क्रेडिट प्रीमियम पर्याप्त रूप से बढ़ गया था ।

2.5 संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक मंदी से उसके उस संघात के बारे में चिंता उत्पन्न हुई जो वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा । जबकि तेल और वस्तुओं की बढ़ती हुई कीमतों से व्यापार और उपभोक्ता लागत में वृद्धि हुई, लाभ घटा तथा शेयर बाज़ार पर भारी पड़ा । सब-प्राइम मुद्दे से संयुक्त राष्ट्र के वे सब-प्राइम ऋणों के व्यतिक्रमी गृह क्रेता संबद्ध थे जिनके लिए ऋणदाताओं के पास सुरक्षा निम्न स्तर पर थी । सब-प्राइम ऋण समस्या ने केवल संबद्ध ऋणदाताओं को अपितु उन अन्य वित्तीय संस्थानों को भी प्रभावित किया जिन्होंने सब-प्राइम ऋणों से समर्थित मिश्रित निवेश ढांचों में निवेश किया था । इससे संयुक्त राष्ट्र की अर्थव्यवस्था और वैश्विक शेयर बाज़ार की भावना को बुरी तरह से प्रभावित कर, संयुक्त राष्ट्र के आवासीय मूल्यों में तेज़ी से गिरावट आ गई थी । कुछ वित्तीय संस्थानों के सब-प्राइम ऋणों में निवेश ने वैश्विक रूप से सस्ते ऋण की उपलब्धता में भारी गिरावट उत्पन्न कर दी थी और सम्पूर्ण वित्तीय प्रणालियों में उधार लेने की लागत बढ़ गई थी ।

2.6 जहां संयुक्त राष्ट्र के सब-प्राइम निवेश से प्रत्याशित हानियां अब तक अधिकांश रूप से स्वीकार्य की जा चुकी हैं और प्रतिक्रिया में बैंक पूंजी जुटा सके हैं, संयुक्त राष्ट्र के आवास बाज़ारों में चूक और पुरोबंधों तेज़ी से बढ़ना जारी रहा, आवास मूल्य अचानक घटते रहे, ऋण अवक्षयण सब-प्राइम और आवास सूची से बाहर चले गए हैं, तुलन-पत्र और साम्या (इक्विटी) मूल्यों पर दबाव बना रहा और ऋण बाज़ारों को अभी भी सामान्य होना है ।

2.7 वैश्विक शेयर बाज़ार को संयुक्त राष्ट्र के ऋण बाज़ार की खलबली ने तेल की अधिक कीमतों, बढ़ती मुद्रा स्फीति और विश्व के मंद होते विकास ने नीचे गिरा दिया है । प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय शेयर बाज़ारों के सूचकांक नीचे की तालिका में दिए जाते हैं :-

2.8 वैश्विक बंधपत्र (बांड) बाज़ार पूरे साल अस्थिर रहे थे । सब-प्राइम ऋण की समस्या और पश्चात्वर्ती ऋण चरमराहट ने मंदी होती वैश्विक अर्थव्यवस्था और बढ़ती मुद्रा स्फीति के साथ मिलकर ऋणदाताओं और निवेशकों को बढ़े हुए व्यतिक्रम जोखिमों के लिए पूरी तरह से अधिक प्राप्ति की मांग करते हुए देखा ।

3. 2007-08 में स्वदेशी अर्थव्यवस्था

3.1 भारतीय अर्थव्यवस्था 2007-08 के दौरान बहुत अच्छी चलती रही, भले ही विकास सीमान्त रूप से संतुलित रहा । 2006-07 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद में समग्र वृद्धि (केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन के संशोधित अनुमानों के अनुसार) 9.6 प्रतिशत पर रखी गई है। (इसी संगठन के अग्रिम अनुमान के अनुसार) 2007-08 में वृद्धि का अनुमान 9.0 प्रतिशत पर लगाया गया है । 2007-08 में वृद्धि में थोड़ा सा संकुचन मुख्य रूप से इस वर्ष के उत्तरार्ध में कुछ प्रतिकूल घटनाओं के कारण हुआ है । अभी भी, वृद्धि दर, सार्थक रूप से, दसवीं योजना (2002-2007) के दौरान प्राप्त 7.8 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर की अपेक्षा अधिक रही । कृषि और संबद्ध गतिविधियों में वृद्धि 2006-07 में 3.8 प्रतिशत से सुधर कर 2007-08 में 4.5 प्रतिशत हो गई थी । इसी प्रकार से, व्यापार, होटल, परिवहन, भंडारण और संप्रेषण के क्षेत्र में वृद्धि दर में सुधार हुआ और यह 11.8 प्रतिशत से 12.0 प्रतिशत हो गई । वृद्धि दर में वैसा ही अवमंदन वित्त, बीमा भू संपदा और व्यापार सेवा क्षेत्रों में हुआ था, जिससे यह 2006-07 के 13.9 प्रतिशत से गिरकर 2007-08 में 11.8 प्रतिशत रह गई थी ।

3.2 औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के अनुसार, वर्ष 2007-08 में 8.3 प्रतिशत पर आंकलित उद्योग क्षेत्र का विकास 2006-07 के दौरान प्राप्त 11.6 प्रतिशत की विकास दर की अपेक्षा कम था । इसी प्रकार से, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में 26.7 प्रतिशत का मिश्रित भार रखने वाले 6 महत्वपूर्ण आधारिक उद्योगों ने 2006-07 में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में 2007-08 में 5.6 प्रतिशत की एक अल्पतर वृद्धि दर दर्ज की ।

3.3 थोक मूल्य सूचकांक के अनुसार, मुद्रा स्फीति की वार्षिक दर ने 2007-08 के दौरान 7.5 प्रतिशत की एक उच्चतर वृद्धि दर्ज की थी जो कि एक वर्ष पूर्व तदनुरूपी अवधि में अपेक्षाकृत 6.6 प्रतिशत थी । इस वर्ष में मुद्रा स्फीति की दर में संतुलित वृद्धि मुख्य रूप से अनाज, दालों, दूध, खाद्य तेलों, आदि

तालिका 2.2 : अंतर्राष्ट्रीय शेयर बाज़ार के सूचकांक

देश/सूचकांक	वर्ष-दर-वर्ष के प्रतिशत का अंतर	
	मार्च, 2007 के अंत में	मार्च, 2008 के अंत में
यूएस डॉव जोन्स	11.2	-0.7
यूएस (एनएसएडीएक्यू)	3.5	-5.9
एफटीएसई यूके 100	5.8	-9.6
यूरो एरिया (एफटीएसई 100)	7.5	-15.7
जापान	1.3	-27.6
हांग कांग	25.3	15.4
दक्षिण कोरिया	6.8	17.3
सिंगापुर	28.2	-4.9
भारत	15.9	19.7

स्रोत : भारतीय रिज़र्व बैंक की वार्षिक नीति की प्रथम तिमाही का पुनरीक्षण 2008-09

2007 में मुम्बई के पुरुषोत्तमदास ठाकुरदास मेमोरियल व्याख्यान के सुअवसर पर भा.रि.बैंक के गवर्नर, डॉ. वाई.वी.रेड्डी एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में अ.एवं प्रबं. निदेशक, श्री एस.श्रीधर "होम लोन काउंसिलिंग" नामक पुस्तक का विमोचन करते हुए ।

कुछ आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि के कारण से हुई मानी जाती है । औद्योगिक कामगारों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के अनुसार, 2007-08 में समाप्त वर्ष के लिए मुद्रा स्फीति की वार्षिक दर सीमान्त रूप से 7.87 प्रतिशत पर उच्चतर थी, जबकि 2006-07 में यह 6.72 प्रतिशत थी । 2007-08 के दौरान थोक मूल्य सूचकांक में संचलन ने उपदर्शित किया कि समग्र सूचकांक समूह में 63.75 प्रतिशत के एक उच्चतर भार सहित निर्मित उत्पादों के थोक मूल्य सूचकांक में केवल 6.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, जबकि 14.23 प्रतिशत के एक अल्पतर भार के साथ ईंधन, पॉवर, बिजली और स्नेहकों का सूचकांक 6.8 प्रतिशत तक उठ गया था । 22.03 प्रतिशत के भार वाली प्राथमिक वस्तुओं के मामले में पुनरीक्षणाधीन अवधि के दौरान वृद्धि 9.9 प्रतिशत थी ।

3.4 भारतीय अर्थव्यवस्था के बाह्य क्षेत्र ने वर्ष 2007-08 के दौरान खासी प्रगति की । भारतीय रिज़र्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, निर्यात 2007-08 के दौरान यूएस डॉलर 158.5 बिलियन तक पहुंच गया था जबकि 2006-07 में उसी अवधि के दौरान यह यूएस डॉलर 128.1 बिलियन था । इस प्रकार इसने 23.7 प्रतिशत की प्रभावी वृद्धि दर्ज की थी । तथापि, आयात में भी वृद्धि हुई, जो कि 2006-07 में यूएस डॉलर 191.2 बिलियन से बढ़कर 2007-08 में यूएस डॉलर 248.5 बिलियन हो गया था । इसकी प्रतिपूर्ति सेवाओं, निर्यात और निजी अंतरणों से प्राप्ति के बृहद अंतर्वाह से हुई जो सापेक्ष रूप से, इस वर्ष के दौरान सकल घरेलू उत्पाद के 1.49 प्रतिशत के सहज चालू राशि के घाटे की ओर ले गया ।

3.5 सुदृढ़ समष्टि अर्थशास्त्र के मूल सिद्धांतों के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2007-08 के दौरान पूंजी का भारी प्रवाह जोड़ दिया, जिसमें बाह्य वाणिज्यिक उधार की राशि, सूचीगत निवेश और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश शामिल है । 2007-08 के दौरान विदेशी प्रत्यक्ष निवेश का साम्या (इक्विटी) अंतर्वाह यूएस डॉलर 24.58 बिलियन था, जिसने 2007-08 के दौरान यूएस डॉलर 15.73 बिलियन पर अंतर्वाह में 56 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। जबकि (वित्तीय एवं ग़ैर-वित्तीय) सेवाओं के क्षेत्र में कुल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश का 26.9 प्रतिशत प्राप्त करते हुए, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के अंतर्वाह के अनुसार, इसकी प्रधानता बनी रही । (सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्गों सहित) निर्माण संबंधी गतिविधियां और आवास तथा भू सम्पदा ने 2007-08 के दौरान कुल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के अंतर्वाह का क्रमशः 7.1 प्रतिशत और 8.9 प्रतिशत प्राप्त किया था । वर्ष 2006-07 में, निवल सूचीगत पूंजी के अंतर्वाह की राशि 7.1 बिलियन

यूएस डॉलर थी । 2007-08 में इस प्रवाह में चार गुणा वृद्धि हुई और यह यूएस डॉलर 29.4 बिलियन हो गया था। इसमें निवल विदेशी वित्तीय संस्थान के अंतर्वाह का यूएस डॉलर 20.3 बिलियन, वैश्विक निक्षेपागार की प्राप्ति/अमरीका निक्षेपागार की प्राप्ति निर्गम का यूएस डॉलर 8.8 बिलियन और अन्य प्रवाहों का यूएस डॉलर 0.3 बिलियन शामिल था । यथा जून, 2008 में विदेशी मुद्रा विनिमय आरक्षित कोष यूएस डॉलर 302.3 बिलियन था जिसने यथा जून, 2007 में आरक्षित कोष के 46.7 प्रतिशत की एक वृद्धि दर्ज की थी ।

3.6 2007-08 के दौरान, साम्या पूंजी (इक्विटी) बाज़ार ने अंतर्राष्ट्रीय साम्या पूंजी (इक्विटी) बाज़ारों में प्रवृत्ति के साथ आगे-पीछे व्यापक रूप से अस्थिरता की अवसरिक पारी देखी । पूंजी बाज़ार प्राथमिक बाज़ार खंड, जिसने 2008 की प्रारम्भिक जनवरी तक वर्धित गतिविधि देखी थी, इसके बाद गौण बाज़ार की अस्थिरता के कारण मंद पड़ गया था । तथापि, इस वर्ष में, कुल मिलाकर, साम्या पूंजी (इक्विटी) बाज़ार ने और अभिलाभ दर्ज किया था । 2007-08 के दौरान, भारतीय कंपनियों ने 2006-07 के दौरान 114 निर्गमों के ज़रिए जुटाए गए 29753 करोड़ रुपए की तुलना में 111 निर्गमों के ज़रिए 56848 करोड़ रुपए की साम्या पूंजी (इक्विटी) जुटाई थी । साधारण शेयर मूल्यों के सूचकांक की स्थिति संक्षेप में नीचे दी जाती है :-

तालिका : 3.1

वर्ष	साधारण शेयरों के मूल्यों का सूचकांक					
	बॉम्बे शेयर बाज़ार का संवेदी सूचकांक (आधार : 1978-79 = 100)			सेंडपी सीएनएक्स निफ्टी (आधार 03 नवम्बर, 1995 = 1000)		
	औसत	उच्च	निम्न	औसत	उच्च	निम्न
1	2	3	4	8	9	10
2006-07	12277.33	14652.09	8929.44	3572.44	4224.25	2632.80
2007-08	16568.89	20873.33	12455.37	4896.60	6287.85	3633.60

स्रोत : भारतीय रिज़र्व बैंक का (सितम्बर, 2008 का) बुलेटिन

3.7 अप्रैल, 2008 में, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने सेबी (म्युचुअल फंड्स) विनियमावली, 1996 में संशोधन किया कि म्युचुअल फंडों को भू संपदा म्युचुअल फंड शुरू करने की अनुज्ञा दी जाए । संशोधित विनियमावली में अन्य बातों के साथ-साथ, यह उपबंधित था कि प्रत्येक भू संपदा म्युचुअल फंड योजना बंद की जाएगी, उसकी यूनिटें किसी मान्यताप्राप्त शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध की जाएंगी और यह कि योजना का आस्ति मूल्य प्रतिदिन घोषित किया जाएगा। योजना की निवल आस्तियों का कम से कम 35 प्रतिशत सीधे भू संपदा आस्तियों में निवेश किया जाएगा । शेष राशि बंधक समर्थित प्रतिभूतियों, भू संपदा आस्तियों का व्यापार कर रही अथवा भू संपदा विकास परियोजनाएं चला रही कंपनियों की प्रतिभूतियों में अथवा अन्य प्रतिभूतियों में निवेश की जा सकती है। भू संपदा आस्तियों, प्रतिभूतियों (बंधक समर्थित प्रतिभूतियों सहित) भू संपदा से संबंधित प्रतिभूतियों में निवेश को एक साथ मिलाकर यह योजना की निवल आस्तियों के 75 प्रतिशत से कम नहीं होगा । संशोधित विनियमावली को भू संपदा म्युचुअल फंड योजना से संबंधित लेखांकन और मूल्यांकन मानदंड भी विनिर्दिष्ट किया गया है । इसके अतिरिक्त, प्रायोजक के अथवा आस्ति प्रबंधन कंपनी अथवा इसके किसी सहयोजन के स्वामित्वाधीन आस्तियों में निवेश से संबंधित प्रतिबंध के अतिरिक्त प्रतिबंध किसी एकल नगर, एकल परियोजना, प्रायोजक/सहयोजक कंपनी, इत्यादि द्वारा जारी प्रतिभूतियों में निवेश पर लगाया गया है । कोई भी भू संपदा म्युचुअल फंड योजना उधार नहीं देगी अथवा आवास वित्त का व्यापार नहीं करेगी ।

3.8 हाल ही के वर्षों में भारत की राजकोषीय स्थिति में गोचर सुधार हुआ है जो केन्द्र और राज्य, दोनों स्तरों पर सुस्पष्ट होजाता है । सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में समेकित सकल राजकोषीय घाटा

लगातार कम हुआ और यह 2001-02 में 9.93 प्रतिशत से कम होकर 2007-08 में 5.34 प्रतिशत हो गया । तथापि, 2007-08 (के संशोधित अनुमान) में सकल घरेलू उत्पाद के 5.36 प्रतिशत पर राजकोषीय घाटे में सीमान्त वृद्धि हुई है ।

3.9 मुद्रा आपूर्ति (एम3) में वृद्धि सीमान्त रूप से मंदी रही, जिसके अनुसार 2006-07 में 21.5 प्रतिशत से कम होकर 2007-08 में 20.8 प्रतिशत रह गई थी। प्रमुख संघटकों में, 2007-08 के दौरान सामयिक जमाराशि का उल्लास बना रहा, यद्यपि, वर्ष की प्रथम तिमाही में कुछ संतुलन था । सामयिक जमाराशि की दर में ज़बरदस्त वृद्धि होती रही, भले ही वृद्धि दर पूर्वतम वर्ष की तुलना में कम थी । मांग जमाराशि पूर्वतम वर्ष की तुलना में 2007-08 में बहुत ऊंची दर से बढ़ी । स्रोत पक्ष में, तीन क्रमिक वर्षों के भारी विस्तार के बाद, बैंक ऋण का विकास 2007-08 के दौरान सीमान्त रूप से संतुलित हुआ । बैंक ऋण की मांग का कृषि और उद्योग और 2007-08 के दौरान समग्र ग़ैर-खाद्य ऋण में वृद्धिशील विस्तार के अधिकांश को खपा रहे खुदरा क्षेत्रों के साथ व्यापक आधार था । वाणिज्यिक, भू संपदा जैसे क्षेत्रों के लिए ऋण की वृद्धि अधिक (अर्थात् मार्च, 2008 के अंत में 38 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि) रही ।

4. आवास एवं संबंधित विषय

4.1 आवास वित्त वास्तविक (भौतिक) आस्तियों के रूप में बचत को प्रोत्साहित करता है । यह आवास के लिए सहायक मांग से भवन निर्माण क्षेत्र के लिए वृद्धि को प्रेरित करता है । इस क्षेत्र में आपूर्ति पक्ष और मांग पक्ष, दोनों ने मुद्रा स्फीति का दबाव अनुभव किया था । एक ओर तो संपत्ति की कीमतें बढ़ गई थीं, दूसरी ओर इस अवधि के अधिकांश भाग में आवास वित्त की दर उत्तरमुखी थी । इन चुनौतियों के बावजूद भी वेतन भोगी आबादी की भारी प्रयोज्य आय के साथ राजकोषीय रियायतों ने वर्ष 2007-08 के दौरान आवास और आवास वित्त के लिए भारी मांग पैदा की।

4.2 पिछले पांच वर्षों (2002-03 से 2007-08) में आवास वित्त ने 30 प्रतिशत की दर से चक्रवर्धित वार्षिक वृद्धि दर्ज की ।

4.3 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की आवास ऋण सूची ने यथा 31 मार्च, 2008 को सकल बैंक ऋण का 12.8 प्रतिशत दर्शाया । आवास ऋण सूची की गुणवत्ता सब मिलाकर बैंकिंग प्रणाली की सामान्य आस्ति गुणवत्ता के साथ अनुकूल तुलना करती है ।

5. 2008-09 का केन्द्रीय बजट

5.1 भारत निर्माण

भारत निर्माण ने 2007-08 में प्रभावी प्रगति की है। यह महत्वाकांक्षी कार्यक्रम अब 1000 दिन पुराना है। चालू गति में वर्ष के प्रत्येक दिन 290 निवास स्थानों को पीने का पानी उपलब्ध कराया जाता है और 17 मकानों को मौसम के अनुकूल सड़कों से जोड़ा जाता है । वर्ष के प्रत्येक दिन, 52 गांवों को टेलीफोन प्रदान किए जाते हैं और 42 गांवों को बिजली दी जाती है। वर्ष के प्रत्येक 4,113 ग्रामीण आवास पूरे हो जाते हैं। भारत निर्माणार्थ (उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के संघटक सहित) 2007-08 में 24,603 करोड़ रुपए के मुकाबले 31,280 करोड़ रुपए प्रदान किए गए हैं ।

5.2 जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन

जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन शहरी अवसंरचना में सुधार करने के लिए मुख्य माध्यम है । यह नगर अभिशासन और नगर से संबंधित कानूनों में सुधार लाने में भी सफल रहा है और इस प्रकार से, नियतन 2007-08 के 5,482 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 2008-09 में 6,866 करोड़ रुपए कर दिया है ।

5.3 ग्रामीण आधारिक विकास कोष

ग्रामीण आधारिक विकास कोष ग्रामीण अवसंरचना के वित्तपोषणार्थ बैंक की निधियों के प्रवाह के माध्यम का मुख्य साधन है और यह राज्य सरकारों में बहुत लोकप्रिय है । इसलिए, ग्रामीण आधारिक विकास कोष-

XIV की राशि 2008-09 में 14,000 करोड़ रुपए बढ़ा दी गई है । ग्रामीण आधारिक विकास कोष-XIV के अधीन 4,000 करोड़ रुपए की राशि के साथ ग्रामीण सड़कों के लिए एक नया माध्यम इस बजट में बनाया गया है ।

5.4 वित्तीय क्षेत्र

वित्तीय समावेशन पर समिति की अंतिम रिपोर्ट प्राप्त हो गई है । बजट के ज़रिए समिति की निम्नलिखित दो सिफारिशें स्वीकार करने का प्रस्ताव किया गया है:-

क. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित, वाणिज्यिक बैंकों को उनकी ग्रामीण और अर्ध शहरी प्रत्येक शाखा में प्रत्येक वर्ष कम से कम 250 ग्रामीण परिवारों के खाते जोड़ने के लिए कहा गया है, और

ख. सेवानिवृत्त बैंक अधिकारियों, पूर्व सैनिकों, इत्यादि जैसे व्यक्तियों को व्यापार सुविधादाता अथवा व्यापार संवाददाता अथवा ऋण सलाहकार के रूप में नियुक्त करने की अनुमति देना ।

इसके अतिरिक्त, कुल वित्तीय समायोजन की संकल्पना से लाभ उठाने के लिए बैंकों को प्रोत्साहित करने की घोषणा भी की गई थी । तदनुसार, सरकार ने सभी वाणिज्यिक बैंकों से सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ बैंकों की ओर से स्थापित उदाहरण का पालन करने और स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों की सम्पूर्ण ऋण संबंधी अपेक्षाओं अर्थात् (क) आय अर्जक गतिविधियों (ख) आवास, शिक्षा, विवाह, इत्यादि जैसी सामाजिक ज़रूरतें और (ग) ऋण का विनिमय आदि पूरी करने का अनुरोध किया गया है ।

5.5 भारतीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक और राष्ट्रीय आवास बैंक

वित्तीय समावेशन को भारतीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक और राष्ट्रीय आवास बैंक की पहुंच बढ़ाकर, आगे ले जाया जा सकता है । अतः इन तीनों बैंकों का संसाधन आधार बढ़ाने के लिए इस बजट में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के संसाधनों का उतना उपयोग करने का प्रस्ताव किया गया है, जितने की कमी प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार देने में पूरी करने में रह जाती है । तदनुसार, निम्नलिखित कोष बनाने का प्रस्ताव है :-

i. अल्पावधि सहकारी ऋण संस्थानों के लिए उनके पुनर्वित्त परिचालनों को बढ़ाने हेतु राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक में 5000 करोड़ रुपए का एक कोष;

ii. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक में प्रत्येक 2000 करोड़ रुपए के दो कोष - जिनमें से एक जोखिम पूंजी के वित्तपोषणार्थ और दूसरा व्यष्टि लघु एवं मध्यम उपक्रमों के क्षेत्र की पुनर्वित्त क्षमता बढ़ाने के लिए, और

iii. ग्रामीण आवास क्षेत्र में उसके पुनर्वित्त परिचालन बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक में 1200 करोड़ रुपए का एक कोष ।

तीनों कोषों में से प्रत्येक उन सामान्य दिशा-निर्देशों से अभिशासित होगा, जो कुछ आशोधनों के साथ अब ग्रामीण आधारिक विकास कोष के लिए लागू हैं ।

लाभप्रद व्यवसाय से जुड़े समुदाय के कमज़ोर वर्गों के लिए ब्याज की विभेदक दर योजना के अधीन जो ऋण दिए जाएंगे, उनकी समय सीमा बढ़ाना । उधारकर्ता की ग्राह्यता का मानदंड इस बजट में आशोधित किया गया है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार की वार्षिक आय 18,000/-रुपए तक और शहरी क्षेत्रों में 24,000/-रुपए तक बढ़ा दी गई है ।

5.6 निर्धन वर्ग के लिए आवास

निर्धन वर्ग के लिए आवास भारत निर्माण के 6 तत्वों में से एक है और यह इंदिरा आवास योजना के माध्यम से क्रियान्वित किया जाता है । 60 लाख मकानों के एक लक्ष्य के मुकाबले, दिसम्बर, 2007 तक 41.13 लाख मकान बनाए गए हैं और यथा मार्च, 2008 के अंत में मकानों की संचयी संख्या में 51.77 लाख मकान होने का अनुमान किया जाता है । निर्माण की उच्चतर लागत दर्शाते हुए, 01 अप्रैल, 2008 के बाद संस्वीकृत नए मकानों के संबंध में प्रति इकाई आर्थिक सहायता बढ़ा दी गई है । आर्थिक सहायता

मैदानी इलाकों में 25,000/-रुपए से बढ़ाकर 35,000/- रुपए और पहाड़ी/दुर्गम इलाकों में 27,500/- रुपए से बढ़ाकर 38,500/- रुपए कर दी गई है । मकानों के उन्नयन के लिए आर्थिक सहायता 12,500/- रुपए से बढ़ाकर 15,000/- रुपए की गई है । सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को कहा गया था कि वे ब्याज की विभेदक दर योजना में इंदिरा आवास योजना के मकान शामिल करें और 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से प्रति इकाई 20,000/-रुपए का उधार दें ।

5.7 ग्रामीण आवास

ग़रीबी रेखा से नीचे के ग्रामीण परिवारों के लिए मकानों के निर्माण और कच्चे मकानों के उन्नयनार्थ सहायता के रूप में 5400 करोड़ रुपए की एक राशि प्रदान की गई है । इंदिरा आवास योजना से संबंधित दिशा-निर्देशों के अनुसार, मकान परिवार की महिला सदस्या के नाम अथवा संयुक्त रूप से पति/पत्नी के नाम में आबंटित किया जाना चाहिए, कुल नियतन के 60 प्रतिशत का उपयोग अ.जा./अ.ज.जा. के ग़रीबी रेखा से नीचे के परिवारों के लिए मकानों के निर्माणार्थ किया जाना चाहिए ।

5.8 रिवर्स मॉर्टगेज योजना

रिवर्स मॉर्टगेज योजना की घोषणा 2007-08 के केन्द्रीय बजट में की गई थी । परिचालनात्मक दिशा-निर्देश राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा मई, 2007 में जारी किए गए थे, जो बैंकों, आवास वित्त कंपनियों, वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण संगठनों के साथ गहन परामर्श पर आधारित थे । 2008-09 के केन्द्रीय बजट में निम्नलिखित उपबंधित करने के लिए आयकर अधिनियम संशोधित किया गया था :-

i. रिवर्स मॉर्टगेज "अंतरण" नहीं होगा, और

ii. वरिष्ठ नागरिकों द्वारा प्राप्त राजस्व की धारा "आय" नहीं होगी ।

(धारा 10 की धारा 47 और 43 में नई उप-धाराएं xvi निविष्ट की गई थीं)

रिवर्स मॉर्टगेज ऋण योजना के लिए सरकारी अधिसूचना की प्रतीक्षा की जा रही है ।

2007-08 के दौरान बैंक के वित्तीय परिचालन

6. संसाधन संग्रहण

6.1 इसमें अल्पावधि एवं दीर्घावधि, दोनों प्रकार के उधार की राशि राष्ट्रीय आवास बैंक एवं भारतीय जीवन बीमा निगम की ओर से ली गई थी । दीर्घावधि उधार मुख्यतः बैंकों से आवधिक ऋण सुविधा का दोहन करके लिया गया था । वर्ष के दौरान, बैंक ने विभिन्न स्रोतों से 12109.45 करोड़ रुपए जुटाए थे । इनमें से 5835.55 करोड़ रुपए की एक राशि वर्ष के दौरान 6273.90 करोड़ रुपए की राशि के निवल उधार के साथ उसी वर्ष अदा कर दी गई थी ।

6.2 उधार के कार्यक्रम का पात्रता-निर्धारण (रेटिंग)

भिन्न-भिन्न ऋण-पात्रता निर्धारण (रेटिंग) अभिकरणों, बैंक के बंधपत्रों/वाणिज्यिक पेपरों के लिए पात्रता-निर्धारण (रेटिंग) किया गया है । आईसीआरए ने बैंक को वाणिज्यिक पेपरों के निर्गम के माध्यम से अल्पावधि संसाधन जुटाने के लिए 'ए1+' का निर्धारण (रेटिंग) किया है । 'फिच' ने बैंक के दीर्घावधि उधार कार्यक्रम का यथा 'फिच एएए' निर्धारण (रेटिंग) किया है जबकि क्रिसिल ने इसे यथा 'एएए/स्थिर' निर्धारित किया है । ये पात्रता निर्धारण (रेटिंग्स) लिखतों पर वित्तीय बाध्यता के सामयिक भुगतान के बारे में उच्च कोटि की निश्चितता उपदर्शित करते हैं।

6.3 बंधपत्रों का सूचीकरण

राष्ट्रीय आवास बैंक के बंधपत्र बॉम्बे शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध किए जाते हैं । इसके अतिरिक्त, अधिकांश बंधपत्र निर्गम भी राष्ट्रीय शेयर बाज़ार में सूचीबद्ध किए जाते हैं ।

7. धन का अभिनियोजन

7.1 पुनरीक्षणाधीन वर्ष के दौरान संवितरण 9,036.38 करोड़ रुपए की राशि का हुआ था जिसमें से पुनर्वित्त संवितरण 8,586.89 करोड़ रुपए का और परियोजना वित्त का 440.49 करोड़ रुपए का था ।

7.2 पुनर्वित्त परिचालन

वर्ष 2007-08 के दौरान, कुल 8586.89 करोड़ रुपए का पुनर्वित्त संवितरण किया गया था, जिसमें से 3856.19 करोड रुपए स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास पुनर्वित्त योजना के अधीन हुआ था । यह बैंक के प्रारम्भ होने से किसी एकल वर्ष में प्राप्त सर्वाधिक संवितरण था। पूर्वतम वर्ष में पुनर्वित्त संवितरण में वृद्धि 56 प्रतिशत थी ।

तालिका : 7.1 - 2007-08 में पुनर्वित्त संवितरण का अवशिष्ट विवरण (करोड़ रुपए में)

संस्थान का वर्ग	नियमित	स्व.ज.ग्रा.आ.पुन.योजना	कुल
आवास वित्त कंपनियां	835.55	353.34	1188.89
शहरी सहकारी बैंक	65.75	4.25	70.00
बैंक	3829.40	3498.60	7328.00
योग	4730.7	3856.19	8586.89

एक लेखाचित्रीय प्रस्तुतिकरण यथा निम्न प्रकार है :-



1998-99 से 2007-08 में पुनर्वित्त संवितरण में प्रवृत्ति



(करोड़ रुपए में)

वर्ष	संवितरण
1998-99	758
1999-00	842
2000-01	1008
2001-02	1025
2002-03	2710
2003-04	3253
2004-05	8062
2005-06	5632
2006-07	5500
2007-08	8587

7.3 स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास पुनर्वित्त योजना

इस वर्ष के दौरान 8586.89 करोड़ रुपए का कुल संवितरण किया गया था जिसमें से 3856.19 करोड़ रुपए अर्थात् 44.91 प्रतिशत संवितरण स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास पुनर्वित्त योजना के अधीन ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों की ओर से दिए गए ऋणों के संबंध में किया गया था ।

स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास पुनर्वित्त योजना के अधीन किए गए संवितरण का अवशिष्ट विवरण निम्न प्रकार से है:

तालिका : 7.2

संस्थान का वर्ग	राशि
आवास वित्त कंपनियां	353.34
अनुसूचित बैंक	3502.85
योग	**3856.19**

स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास पुनर्वित्त योजना के अधीन किए गए संवितरण के अवशिष्ट विवरण का लेखाचित्रीय प्रस्तुतिकरण निम्न प्रकार से है :-



रा.आ.बैंक द्वारा समर्पित माइक्रो फाइनेंस संस्थान के एक अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य को अ.एवं प्रबं.निदेशक, श्री एस.श्रीधर माइक्रो फाइनेंस ऋण का चेक देते हुए ।

7.4 परियोजना वित्त

7.4.1 वर्ष 2007-08 के दौरान, बैंक ने 819.50 करोड़ रुपए की राशि की 12 परियोजनाओं के लिए परियोजना वित्त की संस्वीकृति दी और कुल 449.49 करोड़ रुपए संवितरित किए ।

7.4.2 संस्वीकृतियों का वर्ग क्रम से अवशिष्ट विवरण यथा निम्न प्रकार से है :-

सार्वजनिक-निजी भागीदारी	225.00 करोड रुपए
सार्वजनिक आवास अभिकरण	464.50 करोड़ रुपए
अलाभकारी सार्वजनिक कल्याण आवास संगठन	100.00 करोड़ रुपए
व्यष्टि वित्त संस्थान	30.00 करोड़ रुपए
योग	819.50 करोड़ रुपए

7.4.3 संचयी रूप से, जून, 2008 के अंत तक बैंक ने 3889.19 करोड़ रुपए के कुल ऋण संघटक के साथ 5059.11 करोड़ रुपए की कुल परियोजना लागत वाली 406 परियोजनाओं की संस्वीकृति दी है । संचयी रूप से, बैंक ने यथा 30 जून, 2008 को 1643.94 करोड़ रुपए संवितरित किए हैं । बैंक के आवास व्यष्टि वित्त कार्यक्रम में देश में शहरी और ग्रामीण, दोनों क्षेत्रों में अवस्थित 11145 आवासीय इकाइयां शामिल थीं। हिताधिकारियों में किसान, घरेलू नौकरानियां, छोटे व्यापारी, कामगार, डेरी कार्यकर्ता तथा अन्य अल्प आय के परिवार शामिल हैं । हिताधिकारियों में 90 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं।

7.4.4 आवास व्यष्टि वित्त के अधीन, बैंक ने सतत मानव आदतों को विकसित करने पर ध्यान केन्द्रित रखा है, जो पर्यावरणानुकूल, लागत प्रभावी और उत्पादक हैं। वर्क शेड्स आवश्यक जल और सफाई सुविधाओं सहित, सभी आवासीय परियोजना का अभिन्न अंग होते हैं । वृद्धिशील आवास (मरम्मत/अभिनवकरण) इस कार्यक्रम की सामर्थ्यता और धारणीयता के प्रसंग में अधिक सार्थक हो जाते हैं ।

राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा साम्या (इक्विटी) भागीदारी

एक संवर्धनात्मक भूमिका के रूप में, राष्ट्रीय आवास बैंक की दो आवास वित्त कंपनियों अर्थात् गृह फाइनेंस लिमिटेड और सेंट बैंक होम फाइनेंस लिमिटेड में साम्या (इक्विटी) भागीदारी है । यथा 30.06.2008 को इन दोनों आवास वित्त कंपनियों में साम्याधारण (इक्विटी होल्डिंग) का वसूली योग्य मूल्य 50 करोड़ रुपए हो गया है ।

ग्रामीण आवास वित्त कंपनियों में सामान्य शेयर (इक्विटी) की भागीदारी

राष्ट्रीय आवास बैंक ने मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए, आवास वित्त कंपनियों की शेयर पूंजी (इक्विटी) में सामान्य शेयरों की भागीदारी के लिए एक योजना तैयार की है । यह ग्रामीण क्षेत्रों को निधियों के प्रवाह के समाधान के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक की संवर्धनात्मक भूमिका के एक भाग के रूप में है । इस वर्ष के दौरान, बैंक ने 12.5 प्रतिशत तक की मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की शेयर पूंजी (इक्विटी) में भागीदारी के लिए उसका एक प्रस्ताव अनुमोदित किया। अभिदान करार पहले ही निष्पादित किया जा चुका है ।

8. 2007-08 के वित्तीय निष्पादन

पुनरीक्षणाधीन वर्ष में (आस्थगित कर प्रावधान को छोड़कर) कर पूर्व लाभ की राशि 256.29 करोड़ रुपए थी जबकि पूर्वतम में यह 183.60 करोड़ रुपए थी । इस प्रकार इसने 40 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है । करोपरान्त लाभ पूर्वतम वर्ष के 114.31 करोड़ रुपए के मुकाबले 169.70 करोड़ रुपए निकलता है और यह 49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है । लाभ में वृद्धि के परिणामस्वरूप, वर्ष 2007-08 के लिए साम्या पूंजी पर प्राप्ति बढ़कर 37.7 प्रतिशत हो गई जबकि पूर्वतम वर्ष में यह 25.40 प्रतिशत थी । आरक्षित निधियों के लाभ के पुनर्निवेश से बैंक की निवल स्वाधिकृत निधि में वृद्धि हुई और यह 1829.19 करोड़ रुपए से बढ़कर 1999 करोड़ रुपए हो गई ।

सामान्य गतिविधियां

9. नीतिगत पुनरीक्षण

9.1 पुनर्वित्त

9.1.1 ग्रामीण आवास कोष

ग्रामीण आवास के प्रति अपने अधिदेश को पूरा करने के लिए संसाधनों के नियतन हेतु राष्ट्रीय आवास बैंक के अनुरोध के परिणामस्वरूप, 2008-09 के केन्द्रीय बजट में उसके लिए 1200 करोड़ रुपए की एक रकम ग्रामीण आवास के लिए वित्त प्रदान करने के प्रयोजनार्थ, बैंक की ओर से प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को आबंटित उधार देने में, अनाबंटित कमी से करने की घोषणा की गई थी । प्रस्तावित ग्रामीण आवास कोष योजना के अधीन निधियां सरकार की ओर से सात वर्षों की एक अवधि के लिए ब्याज की रियायती दर से उपलब्ध कराई गई है । राष्ट्रीय आवास बैंक को भारतीय रिज़र्व बैंक से 1000 करोड़ रुपए की प्रारम्भिक राशि के साथ ग्रामीण आवास कोष बनाने के बारे में एक पत्र मिल चुका है । ग्रामीण आवास कोष योजना के अधीन निधियों का प्रयोग राष्ट्रीय आवास बैंक की ओर से आगे अनन्य रूप से वाणिज्यिक बैंकों से भिन्न अभिकरणों को ग्रामीण आवासार्थ उधार देने में किया जाएगा ।

9.1.2 सामर्थ्ययोग्य आवास के लिए भवन निर्माण वित्त का पुनर्वित्तपोषण

राष्ट्रीय आवास बैंक का सामर्थ्ययोग्य आवास के लिए भवन निर्माण के वित्तपोषणार्थ एक नई पुनर्वित्त योजना प्रारम्भ करने का प्रस्ताव है । राष्ट्रीय आवास बैंक इस योजना के अधीन पुनर्वित्त के ज़रिए विभिन्न बिचौलियों के माध्यम से टियर-II एवं टियर-III के नगरों पर विशेष ध्यान केन्द्रित करने के साथ आवासीय गतिविधियों के लिए सहायता प्रदान करेगा । महानगरों में गंदी-बस्ती पुनर्विकास भी इस योजना में शामिल किया जाएगा, जो कि औद्योगिक कामगारों के आवास, कामकाजी महिलाओं के होस्टल और वृद्ध आश्रम, जवाहरलाल नेहरू नगर सुधार मिशन के अधीन अथवा प्राकृतिक आपदा प्रभावित आवास जैसी केन्द्र सरकार/ राज्य सरकार की वैसी ही किसी अन्य योजना के अधीन वित्तपोषित आवासीय परियोजनाओं के अतिरिक्त इसमें शामिल होंगी । प्रस्तावित पुनर्वित्त योजना में इकाई लागत, इकाई क्षेत्र, भूमि मूल्य, इत्यादि पर कतिपय प्रतिबंध यह सुनिश्चित करने के लिए शामिल हैं कि पुनर्वित्त का प्रयोग उच्च और मध्य आय वर्ग के मकानों के लिए न किया जाए ।

9.1.3 शहरी सहकारी बैंक

बैंक अल्प और मध्य आय परिवारों के लिए वहन योग्य आवास उपलब्ध कराने पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित करते हुए, नए ग्राहकों की पहचान करने की प्रक्रिया में है । हमारे चार वाणिज्यिक बैंकों, अनुसूचित राज्य सहकारी बैंकों, राज्य स्तर की शीर्ष सहकारी समितियों, कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों तथा व्यष्टि वित्त संस्थानों के अतिरिक्त इस वर्ष में बैंक के ग्राहकों की सूची में एक शहरी सहाकारी बैंक का नाम जोड़ दिया गया था ।

9.1.4 इस वर्ष के दौरान, पुनर्वित्त परिचालन एक वर्तमान सॉफ्टवेयर पैकेज कॉरबस (सीओआरबीयूएस) से सैप (एसएपी) में सफलतापूर्वक स्थानान्तरित हो गए । अधिकांश प्रबंध सूचना प्रणाली और पुनर्वित्त का लेखांकन अब सैप के ज़रिए किया जा रहा है ।

9.2 परियोजना वित्त

9.2.1 समाज के असेवित और अल्पसेवित वर्गों के लिए आश्रय के प्रावधान पर अपने केन्द्रित ध्यान का नवीनीकरण करते हुए, बैंक ने आर्थिक रूप से कमज़ोर/निम्न आय वर्ग की

पश्चिम बंगाल, कोलकाता में राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त सैन्य कर्मियों के लिए आवास परियोजना ।

आवासीय परियोजनाओं पर अधिक बल देने के लिए अपनी परियोजना वित्त संबंधी नीति संशोधित की । बैंक ने उन ग्रामीण क्षेत्रों, जिन्हें बैंक लेना चाहता है, में विभिन्न हस्तक्षेप में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करने के लिए आवासीय व्यष्टि वित्त निर्धारित किया है। उद्देश्य ग्रामीण परिवारों की आय की परिसीमा पार करना है । इंदिरा आवास योजना और आवास ऋणों से जुड़ी बचत जैसे सरकार के प्रायोजित कार्यक्रमों के अनुपूरणार्थ टॉपअप लोन कुछ ऐसे उत्पाद हैं, जिनकी जांच बैंक ग्रामीण क्षेत्र में अल्प आय के परिवारों की ज़रूरतें पूरी करने के लिए कर रहा है ।

10. विनियमन एवं पर्यवेक्षण

10.1 आवास वित्त कंपनियों का पंजीकरण

इस वर्ष में, तीन आवास वित्त कंपनियों को पंजीकरण का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया था और 2 आवास वित्त कंपनियों के संबंध में निरस्त किया गया था । यथा 30 जून, 2008 को उन आवास वित्त कंपनियों की कुल संख्या 43 थी जिनको पंजीकरण का प्रमाण-पत्र दिया गया था जिनमें से 23 कंपनियों को सार्वजनिक जमाराशि स्वीकार करने की अनुज्ञा नहीं है।

10.2 ग्राहक की जागरूकता

आवास वित्त के क्षेत्र में ग्राहक के संरक्षण और शिक्षा के हेतु को आगे बढ़ाने की दृष्टि से, राष्ट्रीय आवास बैंक ने कदम उठाए हैं, जो आवास वित्त के क्षेत्र में कार्यरत आवास वित्त कंपनियों और बैंकों का एक सामान्य मंच स्थापित करने की पराकाष्ठा पर पहुंचेगा।

10.3 अपने ग्राहरक को जानने से संबंधित दिशा-निर्देश और काले धन को वैध बनाने से रोकने के उपाय

आवास वित्त कंपनियों के प्रधान अधिकारियों की एक बैठक राष्ट्रीय आवास बैंक ने दिसम्बर, 2007 में बैंगलुरु में आहूत की थी, जिसका उद्देश्य काले धन को वैध बनाने से रोकने संबंधी 2002 के अधिनियम के अधीन, उनके उत्तरदायित्वों पर फिर बल देना था। इस बैठक में एफआईयू-आईएनडी, नई दिल्ली के अपर निदेशक और आवास वित्त कंपनियों के 21 भागीदारों ने भाग लिया था । प्रतिवेदित संदिग्ध लेनदेन और नकदी लेनदेन के बारे में प्रधान अधिकारियों द्वारा प्राप्त अनुभव अन्य प्रधान अधिकारियों को भी कराया गया था ।

10.4 आवास वित्त कंपनियों का पर्यवेक्षण

वर्ष 2007-08 के दौरान, बैंक ने राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 34 के अधीन 20 आवास वित्त कंपनियों का निरीक्षण किया है । इसके अतिरिक्त, 5 आवास वित्त कंपनियों का निरीक्षण पंजीकरण का प्रमाण-पत्र प्रदान करने के लिए आवेदन के प्रसंग में तत्रैव अधिनियम की धारा 29ए के अधीन किया गया था।

बैंक ने दो कंपनियों के विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज कराए हैं और उनके विरुद्ध राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 33बी(1) के अधीन समापन याचिकाएं भी दाखिल की हैं ।

10.5 अन्य विनियामक प्राधिकरणों के साथ समन्वय

राष्ट्रीय आवास बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा क्षेत्रीय कार्यालयों में आहूत राज्य स्तर की समन्वय समिति की बैठक के माध्यम से अन्य विनियामक प्राधिकरणों के साथ समन्वय की प्रक्रिया जारी रखी है । इन बैठकों में भागीदारों में भारतीय रिज़र्व बैंक, पुलिस विभाग, मंत्रालयों/गृह, वित्त, विधि, आर्थिक अपराध कक्ष, कंपनी पंजीयक, कंपनी लॉ बोर्ड, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड, आदि विभागों एवं राज्य/क्षेत्रीय स्तरों पर भारतीय सनदी लेखाकार संस्थानों में राज्य सरकार के अधिकारीगण शामिल हैं । वर्ष 2007-08 के दौरान, राष्ट्रीय आवास बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों में राज्य स्तर की समन्वय समिति की बैठकों में भाग लिया है ।

10.6 आवश्यक विनियामक पहल

10.6.1 आवास वित्त कंपनियों द्वारा अपने जमाकर्ताओं के पक्ष में राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 29बी की उप-धाराओं (1) एवं (2) के अनुसार, निवेशित आस्तियों पर चल प्रभार सृजित करना

आवास वित्त कंपनी (रा.आ.बैंक) के 2001 के निर्देशों के अनुच्छेद 14ए के अनुसार, सार्वजनिक जमाराशियां

स्वीकार/धारण कर रहीं सभी आवास वित्त कंपनियों के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 29बी की उप-धाराओं (1) एवं (2) के अनुसार रखी सांविधिक चलनिधिगत आस्तियों पर एक चल प्रभार सृजित करना आवश्यक है जैसा कि राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा समय-समय पर विहित किया जाए। राष्ट्रीय आवास बैंक ने आवास वित्त कंपनियों की सूचनार्थ और आवश्यक कार्रवाई के लिए 'न्यास विलेख' का प्रोफार्मा, जिसमें विवरण अंतर्विष्ट है और न्यासी दिशा-निर्देशों की एक प्रति प्रचारित की थी ।

10.6.2 आवास वित्त कंपनियों के वैयक्तिक आवास ऋणों में निवेश पर भार में जोखिम भार की वृद्धि

अचल संपत्ति, जिसे यथा मानक आस्ति वर्गीकृत किया जाता है, के बंधक से प्रतिभूत वैयक्तिक आवास ऋणों में आवास वित्त कंपनियों के निवेश पर जोखिम भार, निर्देश एनएचबी.एचएफसी.डीआईआर.20/सीएमडी/2007 दिनांकित 06 जुलाई, 2007 के द्वारा यथा निम्न आशोधित किया गया था :-

व्यक्तियों को अचल संपत्ति, जिसे यथा मानक आस्तियां वर्गीकृत किया जाता है, के बंधक से प्रतिभूत 20 लाख रुपए तक के आवास ऋण	50
व्यक्तियों को अचल संपत्ति, जिसे यथा मानक आस्तियां वर्गीकृत किया जाता है, के बंधक से प्रतिभूत 20 लाख रुपए से अधिक के आवास ऋण	75

10.6.3 सार्वजनिक जमाराशियों पर ब्याज दर में वृद्धि

06 जुलाई, 2007 से राष्ट्रीय आवास बैंक ने आवास वित्त कंपनियों द्वारा स्वीकृत सार्वजनिक जमाराशियों पर ब्याज दर 11 प्रतिशत से 12.5 प्रतिशत वार्षिक पर संशोधित कीं और ऐसा ब्याज संदेय अथवा अंतरालों पर चक्रवर्धित होने से मासिक अंतरालों पर कम नहीं होना चाहिए ।

10.6.4 आवास वित्त कंपनियों द्वारा साम्या (इक्विटी) की परस्पर धारिता और पूंजी बाज़ार में निवेश

30 नवम्बर, 2007 से राष्ट्रीय आवास बैक ने एक आवास वित्त कंपनी द्वारा अन्य आवास वित्त कंपनी की साम्या (इक्विटी) की परस्पर धारिता में भी और पूंजी बाज़ार में उनके निवेश के बारे में सभी पंजीकृत आवास वित्त कंपनियों को निर्देश जारी किए हैं ।

10.6.5 नवोन्मेष स्थायी कर्ज़

राष्ट्रीय आवास बैंक ने स्थायी ऋण जारी करने के लिए ऋण पूंजी लिखत के लिए लागू नियम एवं शर्तों को परिभाषित किया है कि यह अपर टियर-II पूंजी के रूप में समावेश के योग्य हो। निर्देश यह भी कहता है कि अन्य आवास वित्त कंपनियों/बैंकों, वित्तीय संस्थानों के नवोन्मेष स्थायी ऋण में आवास वित्त कंपनियों के निवेश पर पूंजी पर्याप्तता के उद्देश्यार्थ 100 का एक जोखिम भार लगेगा ।

10.6.6 अपर टियर-II पूंजी के रूप में समावेश के योग्य होने देने में ऋण पूंजीगत लिखत के लिए लागू नियम एवं शर्तें

आवास वित्त कंपनियों को बाज़ार के जोखिम से निपटने के लिए अपनी पूंजीगत निधियों को बढ़ाने के अतिरिक्त, अपने व्यापार की बढ़ती हुई ज़रूरतों को पूरी करने के लिए पूंजीगत निधियां जुटाने हेतु अतिरिक्त विकल्प देने की दृष्टि से, आवास वित्त कंपनियां अपर टियर-II पूंजी के रूप में समावेश के लिए ग्राह्य ऋण पूंजीगत लिखतें जारी करके अपनी पूंजीगत निधियों को बढ़ा सकती हैं । इस प्रयोजनार्थ, राष्ट्रीय आवास बैंक ने अपर टियर-II पूंजी के रूप में समावेश के योग्य होने के लिए ऋण पूंजीगत लिखतों हेतु नियम एवं शर्तें अनुबद्ध की हैं ।

11. स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना

11.1 स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों को सुलभ आवास वित्त प्रदान करने की दृष्टि से वर्ष 1997-98 में प्रारम्भ की गई थी । इस योजना में नई आवासीय इकाइयों का निर्माण अथवा वर्तमान आवासीय इकाई के उन्नयन का प्रावधान है । यह योजना विभिन्न प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों अर्थात् आवास वित्त कंपनियों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और सहकारी क्षेत्र के संस्थानों के माध्यम से क्रियान्वित की जाती है। राष्ट्रीय आवास बैंक एक निगरानीकर्ता अभिकरण है और प्रत्येक प्राथमिक ऋणदाता संस्थान के लिए वार्षिक लक्ष्य निर्धारित करता है ।

11.2 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और आवास वित्त कंपनियों द्वारा 3,50,000 इकाइयों के लक्ष्य के मुकाबले कुल 2,71,537 इकाइयां वित्तपोषित की गई थीं । बैंकों एवं आवास वित्त कंपनियों का निष्पादन यथा निम्न प्रकार से है :-

तालिका : 11.1 - स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना : प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों द्वारा निष्पादन

(आवासीय इकाइयों की संख्या)

संस्थान	लक्ष्य		प्राप्ति	
	2006-07	2007-08	2006-07	2007-08
आ.वि.कंपनियां	94200	87500	56011	45330
सार्व.क्षेत्र के बैंक	235800	262500	242415	226207
योग	330000	350000	298426	271537

11.3 स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना के अधीन संचयी निष्पादन

11.3.1 1997-98 की अवधि के दौरान, कुल 22,13,189 इकाइयां वित्तपोषित की गई हैं, जबकि लक्ष्य 22,80,000 आवासीय इकाइयों को वित्तपोषित करने का था । यह ग्यारह वर्ष की अवधि में लगभग 97 प्रतिशत की प्राप्ति के लिए था ।

विभिन्न वर्षों में योजना के अधीन प्रगति निम्न प्रकार से दर्शाई गई है :-

तालिका : 11.2

(आवासीय इकाइयों की संख्या)

वर्ष	लक्ष्य	वास्तविक	संवितरित राशि (करोड़ रुपए में)
1997-1998	50,000	51,272	—
1998-1999	1,00,000	1,25,731	—
1999-2000	1,25,000	1,41,363	—
2000-2001	1,50,000	1,58,426	—
2001-2002	1,75,000	1,87,268	3246.03
2002-2003	2,25,000	1,78,200	3816.34
2003-2004	2,50,000	2,43,753	6353.82
2004-2005	2,50,000	2,58,562	6440.95
2005-2006	2,75,000	2,98,651	8367.86
2006-2007	3,30,000	2,98,426	7664.58
2007-2008	3,50,000	2,71, 537	8844.81
Total	**22,80,000**	**22,13,189**	

11.3.2 वर्ष 2007-08 के दौरान आवास वित्त में ऋण के संतुलित मंदन को ध्यान में रखते हुए, वर्ष 2008-09 के दौरान 3,50,000 इकाइयों को वित्तपोषित करने का एक लक्ष्य नियत किया गया है । इस योजना की गहन निगरानी राष्ट्रीय आवास बैंक और बैंकों के लिए राज्य स्तर की बैंकर समिति बैठक मंच द्वारा की जा रही है।

12. व्यापार नियोजन एवं संवर्धन गतिविधियां

12.1 धोखाधड़ी प्रबंधन कक्ष

बैंक ने आवास ऋणों में की गई धोखाधड़ी के बारे में आवास वित्त कंपनियों से जानकारी एकत्रित करने के लिए एक धोखाधड़ी प्रबंधन कक्ष स्थापित किया है । 'धोखाधड़ी प्रबंधन कक्ष' ने जानकारी एकत्रित करना और आवास ऋणों में की गई धोखाधड़ी के बारे में आवास वित्त कंपनियों से जानकारी का आदान-प्रदान करना जारी रखा । इस उद्देश्य के प्रति, बैंक ने प्रेरणार्थक कारकों और महत्वपूर्ण निवारक कार्रवाई उपदर्शित करते हुए नियमित आधार पर सभी आवास वित्त कंपनियों को सावधानी सूचना जारी करने की एक प्रक्रिया भी प्रारम्भ की । सभी आवास वित्त कंपनियों को आवश्यक रक्षोपाय करने और धोखाधड़ीपूर्ण लेनदेनों की पुनरावृत्ति रोकने पर पर्याप्त नियंत्रण रखने के लिए सूचित किया गया है ।

12.2 ग्राहक की शिकायतों के समाधान और ग्राहक शिक्षा के माध्यम से विकासात्मक गतिविधियां

बैंक ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में से एक क्षेत्र के रूप में बैंकों और आवास वित्त कंपनियों, दोनों से, आवास वित्त क्षेत्र से संबंधित जानकारी का ठोस और विश्वस्त आंकड़ा आधार तैयार करना निर्धारित किया है । ग्राहक शिक्षा एवं संरक्षण राष्ट्रीय आवास बैंक का मुख्य रूप से ध्यान केन्द्रित करने वाले क्षेत्रों में से एक है । अपने संवर्धनात्मक उपायों के एक भाग के रूप में, राष्ट्रीय आवास बैंक आवास वित्त कंपनियों के विरुद्ध व्यक्तियों से प्राप्त शिकायतों का भी समाधान करता है । शिकायतें मुख्यतः आवास वित्त कंपनियों द्वारा स्वीकृत जमाराशियों और उनकी ओर से प्रदत्त ऋणों से संबंध रखती हैं ।

12.3 आवास वित्त कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक

इस वर्ष में आवास वित्त कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के साथ दो बैठकें नई दिल्ली में हुई थीं। क्षेत्र से सरोकार रखने वाले और विवेकसम्मत मानदंड, उचित व्यवहार संबंधी दिशा-निर्देशों, नए उत्पादों अर्थात् इंदिरा आवास योजना के अधीन 'टॉपअप' ऋण, रिवर्स मॉर्टगेज ऋण, भवन निर्माताओं का पात्रता निर्धारण (रेटिंग), कम्प्यूटर पर विवरणियां प्रस्तुत करने, इत्यादि के प्रारम्भ और निवेश जैसे परस्पर हित से संबंधित कुछ ऐसे मामले, जिन पर बैठक में विचार-विमर्श किया गया था । स्वर्ण जयंती ग्रामीण आवास वित्त योजना के अधीन बैंकों और आवास वित्त कंपनियों के निष्पादन का पुनरीक्षण और वर्ष 2008-09 के लिए नए लक्ष्य भी इन बैठकों में रखे गए थे ।

4 जनवरी, 2008 को आवास वित्त कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों की गोष्ठी में महाप्रबंधक, श्री पी.के.कौल, कार्यपालक निदेशक, श्री आर.वी.वर्मा, अ.एवं प्रबं.नि. श्री एस.श्रीधर तथा कार्यपालक निदेशक, श्री सुरेन्द्र कुमार ।

विश्व पर्यावास दिवस, 2007 पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ आवास एवं शहरी ग़रीबी उन्मूलन मंत्रालय के डॉ.एस.एस.आनंद, सचिव, श्री एस.श्रीधर, अ.एवं प्रबं.निदेशक, का.नि. श्री आर.वी.वर्मा, का.नि. श्री सुरेन्द्र कुमार तथा अन्य अधिकारीगण ।

सामान्य सरोकार के विषयों पर विचार-विमर्श करने के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक ने भी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों सहित, आवास वित्त कंपनियों और बैंकों की दो संयुक्त बैठकें आयोजित की हैं । भागीदारों ने ग्रामीण आवास और वहनीय आवास, आवास व्यष्टि वित्त, अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं, आवास वित्त के बाजार में धोखाधड़ीपूर्ण लेनदेनों की जांच के उपाय इत्यादि जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया ।

12.4 राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय अंतरापृष्ठ

बैंक ने एशिया एवं पेसिफिक के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग के साथ सहयोग से नई दिल्ली में, 30-31 जनवरी, 2008 के दौरान ग़रीबों के अनुकूल आवास वित्त पर एक क्षेत्रीय नीतिगत संवाद आयोजित किया था । 6 देशों अर्थात् भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका, मंगोलिया, थाईलैंड, इंडोनेशिया के प्रतिनिधियों ने नीतिगत संवाद में भाग लिया था ।

12.5 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों पर सम्मेलन

ग्रामीण आवास के संवर्धन और एक लाभप्रद ग्रामीण आवासीय संविभाग बनाने के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को प्रोत्साहित करने हेतु पटना, कोलकाता, बैंगलुरु और हैदराबाद में बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित की गई थी । इन बैठकों को अच्छा समर्थन मिला था और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के अध्यक्षों/महाप्रबंधकों तथा प्रायोजक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों ने इन बैठकों में भाग लिया था ।

12.6 विश्व पर्यावास दिवस, 2007

विश्व पर्यावास दिवस, 2007 के अवसर पर, बैंक ने विश्व पर्यावास दिवस, 2007 के विषय "एक सुरक्षित नगर ही एकमात्र नगर है" को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित विषयों पर एक निबंध प्रतियोगिता घोषित की थी :-

क. वास्तविक नियोजन एवं पर्यावरणीय अभिकल्प के ज़रिए बेहतर सुरक्षित नगर ।

ख. ग़रीबों के लिए आवास में प्रतिभूति ।

ग. बेहतर सुरक्षित नगरों के लिए आवास वित्त में अभिनवकारी और रचनात्मक दृष्टिकोण ।

यह प्रतियोगिता भारतीय रिज़र्व बैंक, वित्तीय संस्थानों, राष्ट्रीय आवास बैंक में पंजीकृत आवास वित्त कंपनियों और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के सभी कर्मचारियों के लिए खुली थी । प्रतियोगिता को भारी समर्थन

मिला था और निबंध की विषय-वस्तु एवं सुझाव व्यावहारिक होने के अतिरिक्त विचारोत्पादक थे । प्रतियोगिता के विजेताओं को 06 अक्तूबर, 2008 को आयोजित विश्व पर्यावास दिवस, 2008 के समारोह में बधाई दी गई ।

12.7 सार्वजनिक आवास अभिकरणों का गोलमेज सम्मेलन

केन्द्र और राज्यों में सार्वजनिक आवास अभिकरणों के अध्यक्षों का एक गोलमेज सम्मेलन वहनीय आवास की व्यवस्था में और सार्वजनिक निजी भागीदारी के प्रयोग में उनकी भूमिका पर विचार-विमर्श करने के लिए 10 अप्रैल, 2008 को राष्ट्रीय आवास बैंक ने आयोजित किया था । गोलमेज सम्मेलन का उद्घाटन आवास एवं शहरी ग़रीबी उपशमन के लिए माननीया राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुमारी शैलजा ने किया था और समापन भाषण भारत सरकार के योजना आयोग के सदस्य डॉ.अनवरुल होडा ने दिया था ।

12.8 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (जो 13 अक्तूबर, 2005 से लागू हुआ था) में यथा परिभाषित, एक सार्वजनिक प्राधिकारी के रूप में, राष्ट्रीय आवास बैंक सर्वसाधारण को जानकारी देने के लिए बाध्य है। अधिनियम की अपेक्षानुसार बैंक को एक केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी के रूप में अभिहित किया गया है ।

12.9 जोखिम प्रबंधन

बैंक के पास जोखिम पर निगरानी रखने के लिए उसकी अपनी जोखिम प्रबंधन प्रणाली है । इस प्रयोजनार्थ, बैंक ने निम्नलिखित समितियां गठित की हैं :-

i. आस्ति-देयता प्रबंधन समिति, जो बैंक के बाज़ार जोखिम के प्रबंधन की निगरानी रखती है ।

ii. ऋण जोखिम प्रबंधन समिति, जो बैंक के ऋण जोखिम पर निगरानी रखती है ।

iii. परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन समिति, जो बैंक के परिचालनात्मक जोखिम पर निगरानी रखती है ।

बैंक के पास निदेशक मंडल की ओर से नियुक्त की गई जोखिम प्रबंधन सलाहकार समिति है । इसमें तीन बाहरी सदस्यगण हैं जो बैंकिंग और वित्त से संबंधित मामलों के विशेषज्ञ हैं । यह समिति उन पर उल्लिखित

10 अप्रैल, 2008 को वहन योग्य आवास पर सरकारी एजेंसियों की भूमिका पर गोल मेज संगोष्ठी में अ.एवं प्रबं.निदेशक, श्री एस.श्रीधर के साथ आवास एवं शहरी ग़रीबी उन्मूलन मंत्रालय की माननीया राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुमारी शैलजा तथा डॉ. पी.के.मोहन्ती, संयुक्त सचिव (जेएनएनयूआरएम) ।

जोखिम के तीनों क्षेत्रों से संबंधित बैंक की जोखिम प्रबंधन नीतियों का पुनरीक्षण करती है ।

13. क्षमता निर्माण

13.1 आवास वित्त के क्षेत्र में क्षमता निर्माण के एक उपाय के रूप में, बैंक इस क्षेत्र के कार्मिकों के लिए आवास वित्त से संबंधित विषयों पर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है । इस वर्ष में, बैंक ने दस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए । विभिन्न संस्थानों अर्थात् आवास वित्त कंपनियों, बैंकों, पात्रता निर्धारण (रेटिंग) एजेंसियों से लगभग 250 से भी अधिक भागीदारों ने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया ।

13.2 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में आवास वित्त में अभिविन्यास कार्यक्रम, आवास वित्त में विधिक मुद्दे, आवास वित्त कंपनियों के लिए ग्रामीण आवास और विनियामक कार्यढांचा जैसे आवास वित्त से संबंधित बहुत से विषय और "धोखाधड़ी प्रबंधन" तथा "अपने ग्राहक को जानिए" संबंधी दिशा-निर्देश एवं उचित व्यवहार संहिता जैसे नवीनतम विषय शामिल थे जो बैंककारी और वित्त क्षेत्र का ध्यान खींचते रहे, उन पर भी, संबंधित विषय पर समर्पित कार्यक्रम के माध्यम से विचार-विमर्श हुआ था । ज्ञान के प्रसार में प्रतिभागियों की भागीदारी प्रोत्साहित करने के लिए, बैंक ने भारतीय राष्ट्रीय सहकारी आवास संघ के साथ सहकारी समितियों के लिए "आवास वित्त" पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए गठबंधन किया था ।

13.3 उपर्युक्त कार्यक्रमों का उद्देश्य औपचारिक आवास वित्त प्रणाली की गतिशीलता से प्रतिभागियों को अवगत कराना रहा है, जिससे वे रणनीतिपरक और परिचालनात्मक पहलुओं से एक प्रभावी और विवेकसम्मत तरीके से निपट सकें । नियोजित पद्धति विज्ञान का रणनीतिपरक दृष्टिकोण ज्ञान और विचार-विमर्श, अभिविन्यासित और विश्लेषणात्मक कार्याभ्यास के ज़रिए विशेषीकृत, विषयों पर प्रशिक्षण आधारित जानकारी प्रदान करना रहा है । इन कार्यक्रमों के लिए संकाय भारतीय रिज़र्व बैंक, भारत सरकार, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, आवास वित्त संस्थानों और प्रतिष्ठित । अकादमिक एवं अनुसंधान संस्थानों से नीति निर्माताओं तथा आवास वित्त का कारोबार करने वालों सहित इस क्षेत्र में विशेषज्ञों के अतिरिक्त स्वयं आंतरिक विभाग, दोनों से लिए गए थे ।

13.4 कार्यक्रम विभिन्न प्रदेशों में आयोजित किए गए थे जिससे कि भागीदारी का व्यापक भौगोलिक प्रचार हो सके । इस वर्ष में, कार्यक्रम भोपाल, हैदराबाद, बैंगलुरु, जयपुर, कोलकाता, विशाखापटनम्, गुवाहाटी, मसूरी और उधगामंडलम् में आयोजित किए गए थे ।

14. आवासीय बंधक समर्थित प्रतिभूतिकरण

14.1 राष्ट्रीय आवास बैंक अब तक छः आवास वित्त कंपनियों और एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक के 862.20 करोड़ रुपए की राशि के आवास ऋणों, जिनमें 38,809 वैयक्तिक आवास ऋण संबद्ध थे, के 14 आवासीय बंधक समर्थित प्रतिभूतिकरण संबंधी लेनदेन पूरे कर चुका है । आवासीय बंधक समर्थित प्रतिभूतिकरण के निर्गमों की सफलता ने सार्थक रूप से बेहतर समझने और विभिन्न विधिक, विनियामक, राजकोषीय लेखांकन और अन्य ऐसे लेनदेन से संबंधित पूंजी बाज़ार संबंधी निर्गमों के समाधान हेतु और इसी प्रकार के ऐसे निर्गमों के लिए एक वातावरण हेतु विभिन्न नीतिगत निर्गमों के लिए साधन उपलब्ध कराए।

राष्ट्रीय आवास बैंक के आवासीय बंधक समर्थित प्रतिभूतिकरण के निर्गमों का ढांचा राष्ट्रीय आवास बैंक (संशोधन) अधिनियम, 2000 (की धाराओं 14 (ईए), 14(ईबी), 14 (ईसी) और 18) के उपबंधों के अधीन तैयार किया गया है, जो बैंक को प्रतिभूतिकरण लेनदेन करने और लाभप्रद हित को न्यास प्रमाण-पत्रों के रूप में बंधक समर्थित प्रतिभूतियां जारी करने तथा ऐसी प्रतिभूतियों के धारकों के लिए न्यासी के रूप में कृत्य करने के लिए प्राधिकृत करता है ।

14.2 प्रतिभूतिकृत आवास ऋणों के समूहन (पूल) का निष्पादन

राष्ट्रीय आवास बैंक ने संबंधित प्रवर्तकों को यह सुनिश्चित करने के लिए यथा सेवा एवं अदाकर्ता एजेंट नियुक्त किया है कि प्रतिभूतिकृत ऋणों के प्रत्येक समूहन (पूल) के संबंध में संग्रहण संबंधित पास थ्रू प्रमाण-पत्र धारकों और सेवा प्रदाताओं में वितरित किए जाते हैं । 'क' वर्ग के पास थ्रू प्रमाण-पत्र धारकों को प्रतिफल, निर्गम के समय पर उपदर्शित प्रतिफल से संगत रहा है ।

15. नई पहल

15.1 रिवर्स मॉर्टगेज ऋण

राष्ट्रीय आवास बैंक ने अनन्य रूप से गृहस्वामी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करते हुए, रिवर्स मॉर्टगेज लोन उत्पाद की संकल्पना को साकार किया है । 28 फरवरी, 2007 को माननीय वित्त मंत्री महोदय के केन्द्रीय बजट भाषण में की गई उद्घोषणा के अनुसरण में, राष्ट्रीय आवास बैंक ने आवास वित्त कंपनियों और बैंकों से गहन परामर्श के बाद मई, 2007 में रिवर्स मॉर्टगेज ऋण के लिए दिशा-निर्देश अधिसूचित किए थे । इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय आवास बैंक ने, सुविख्यात कानूनी फर्म के साथ परामर्श से आवास वित्त कंपनियों और बैंकों की ओर से रिवर्स मॉर्टगेज ऋण के अधीन दिए जाने वाले अपने उधार के संबंध में उपयुक्त रूप से अंगीकार करने के लिए ऋण दस्तावेज़ों के प्रतिमान प्ररूप (मॉडल फार्मेट्स) तैयार और प्रचारित किए हैं।

माननीय वित्त मंत्री महोदय ने वर्ष 2008-09 के केन्द्रीय बजट भाषण में आयकर अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों से संबंधित दो मुख्य घोषणाएं की थीं । ये निम्न प्रकार से हैं i. आयकर अधिनियम की धारा 47 में एक नई उप-धारा (xvi) जो यह उपबंधित करने के लिए है कि रिवर्स मॉर्टगेज "अंतरण" नहीं कहा जाएगा और, ii. आयकर अधिनियम की धारा 10 के अधीन एक नई उप-धारा (43) का निवेशन जो इस दिशा में होगा कि केन्द्र सरकार की ओर से अधिसूचित एक योजना के अधीन, रिवर्स मॉर्टगेज ऋण योजना में वरिष्ठ नागरिक द्वारा प्राप्त भुगतान की धारा "आय" नहीं होगी, क्योंकि ये पूंजीगत प्राप्ति की प्रकृति में होते हैं ।

बजटीय घोषणा के अनुसार, रिवर्स मॉर्टगेज योजना भारत सरकार द्वारा अधिसूचित की जानी आवश्यक है जिससे कि कर संबंधी प्रसुविधाएं प्रोद्भूत हों । राष्ट्रीय आवास बैंक ने इस बारे में एक प्रस्ताव भारत सरकार के अनुमोदन एवं अधिसूचनार्थ भेजा है ।

राष्ट्रीय आवास बैंक रिवर्स मॉर्टगेज योजना संबंधी जानकारी का व्यापक रूप से प्रचार करता रहा है । इस संबंध में संगोष्ठियां/कार्यशालाएं/परस्पर वार्तालाप आदि दिल्ली, मुम्बई, हैदराबाद, चंडीगढ़ जैसे विभिन्न केन्द्रों में चालू कैलेंडर वर्ष के दौरान आयोजित किए गए थे।

15.2 रिवर्स मॉर्टगेज परामर्श केन्द्र

राष्ट्रीय आवास बैंक ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक रिवर्स मॉर्टगेज ऋण परामर्श कार्यक्रम प्रारम्भ किया । इस कार्यक्रम के परिचालन के लिए वरिष्ठ नागरिकों के मुद्दों के समाधान में लगे प्रतिष्ठित ग़ैर-सरकारी संगठनों के साथ भागीदारी दृष्टिकोण अंगीकार करते हुए इसे प्रारम्भ किया गया था । परामर्श कार्यक्रम पहले ही दिल्ली, चंडीगढ़, हैदराबाद में प्रायोगिक आधार पर प्रारम्भ किया जा चुका है । चार परामर्श केन्द्र नई दिल्ली, हैदराबाद और बैंक के मुख्य कार्यालय, नई दिल्ली सहित चंडीगढ़ में स्थापित किए जा चुके हैं ।

16. भागीदारी संबंधी पहल

16.1 इस वर्ष में, बैंक ने एक साकल्यवादी ढंग से आवास और आवास वित्त क्षेत्रों को विकसित करने के बैंक के प्रयासों की सुविधा के लिए संस्थागत भागीदारी में प्रवेश के लिए पूर्वतम वर्ष में प्रारम्भ पहल को जारी रखा । भागीदारी में प्रशिक्षण और अनुसंधान परामर्श, एकीकृत उपनगरीय विकास, अल्प लागत आवास, आपदा संभावित क्षेत्रों में आवास, जनजातीय आवास, ग्रामीण आवास और ऐसे अन्य क्षेत्रों, जिन पर परस्पर सहमति होती है, आदि क्षेत्रों में व्यापार विकास और परस्पर सहयोग की विभिन्न गतिविधियां चलाने की अपेक्षा भी की जाती है ।

3 जून, 2008 को रा.आ.बैंक तथा हैल्पेज इंडिया के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर तथा रिवर्स मॉर्टगेज परामर्श केन्द्र के उद्घाटन अवसर पर अ.एवं प्रबं.निदेशक, श्री एस.श्रीधर, माननीय वित्त राज्यमंत्री, श्री पवन कुमार बंसल, हैल्पेज इंडिया के महानिदेशक, श्री मैथ्यू चेरियन तथा का. नि. श्री आर.वी.वर्मा ।

इस अवधि में, बैंक ने फर्स्ट इंडियन को-ऑपरेशन प्राइवेट लिमिटेड, यूएसए (एफआईसी) और हैल्पेज इंडिया, नई दिल्ली के साथ सहयोग के ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए ।

राष्ट्रीय आवास बैंक और एफआईसी भारत में विधिक, तकनीकी और स्वत्वाधिकार की क्षतिपूर्ति तथा बंधक लेनदेन प्रबंधन सेवाएं प्रारम्भ और प्रदान करने की व्यापारिक संभावना अवधारित करने के लिए एक साथ मिलकर कार्य करेंगे । राष्ट्रीय आवास बैंक और हैल्पेज इंडिया ने वरिष्ठ नागरिकों को परामर्श देने, परस्पर हित की विकास गतिविधियों के आदान-प्रदान एवं संगोष्ठियां/कार्यशालाएं आयोजित करने और संकाय के आदान-प्रदान सहित संवर्धनात्मक गतिविधियों में सहयोग के माध्यम से रिवर्स मॉर्टगेज ऋण का संयुक्त रूप से संवर्धन करने के लिए हाथ मिलाए हैं ।

17. सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी पहल

17.1 एसएपी का क्रियान्वयन

बैंक ने अपने सभी परिचालनों के कंम्प्यूटरीकरण के लिए उपक्रम स्तर के सॉफ्टवेयर के रूप में एसएपी को चुना था । इस परियोजना में अंतिम खंड अर्थात् पुनर्वित्त परिचालन विभाग था जो चालू वर्ष के दौरान पूरा हो गया था । यह व्यापार प्रक्रियाओं के एकीकरण में एक भारी मील का पत्थर है । यह केन्द्रीयकृत लेखांकन प्रारम्भ होने का भी संकेत देता है ।

17.2 आवास सूचना पोर्टल

बैंक को आवास वित्त और आवास से संबंधित विषयों पर ग्राहक की जागरूकता पैदा करने का एक दायित्व मिला है । एक आवास सूचना पोर्टल पर विचार किया गया और उसे विकसित किया गया था । यह पोर्टल औपचारिक रूप से प्रारम्भ करने के लिए तैयार है ।

17.3 आपदा वसूली प्रबंधन

भूकंप, बाढ़, नागरिक अशान्ति, आतंकवादी गतिविधियों, बिजली और उपकरण की विफलता जैसी प्राकृतिक आपदाओं से व्यापार विछिन्न हो सकता है। ऐसी पूरी तरह से अकस्मात् घटनाएं व्यापार की सार्थक हानियां पैदा कर सकती हैं जो तब तक संगठन के व्यापार अशक्त बना सकता है, जब तक कि संगठन एक सुव्यवस्थित आपदा वसूली प्रबंधन नहीं है । आपदा वसूली स्थल मुम्बई क्षेत्रीय कार्यालय में फरवरी, 2008 से परिचालनरत बनाया गया है ।

वित्तीय क्षेत्र में सर्वोत्तम क्रियान्वयन हेतु उप महाप्रबंधक, श्री राहुल पाण्डेय सैप एसीई पुरस्कार प्राप्त करते हुए । इनके साथ ही मंच पर सैप इंडिया उप महाद्वीप के अध्यक्ष एवं सीईओ, श्री राजनदास तथा सीईओ, सैप एजी, श्री हेनरी केजनमान उपस्थित हैं ।

17.4 सूचना प्रौद्योगिकी सुविधा प्रबंधन सेवाएं

बैंक ने वर्ष 2007 की अंतिम तिमाही से सुविधा प्रबंधन सेवाओं के लिए एक व्यापक बाह्य साधन अनुबंध से सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं के बाह्य साधनों की शुरूआत की । नियमित अनुरक्षण गतिविधियों, कार्यकरण की जांच और सर्वरों, आंकड़ा आधार, कार्यसंजाल (नेटवर्क) एवं ढांचागत सुरक्षा का निष्पादन सामंजस्य के साधनों से अधिकतम प्रतिक्रिया समय के साथ समग्र ढांचागत सूचना प्रौद्योगिकी के निर्बाध कार्यकरण के न्यूनतम 99 प्रतिशत का मानदंड प्राप्त करने का प्रबंधन का लक्ष्य है ।

17.5 सूचना सुरक्षा का लेखापरीक्षण

वित्त वर्ष 2007-08 के लिए बैंक की ढांचागत सूचना प्रौद्योगिकी की सूचना सुरक्षा का लेखापरीक्षण पूरा हो गया है ।

17.6 आंकड़ा केन्द्र का अभिनवकरण

वित्त वर्ष 2007-08 की अंतिम तिमाही में, बैंक ने अपने केन्द्रीयकृत आंकड़ा केन्द्र के अभिनवकरण के लिए पहल की है । इसके अगस्त, 2008 तक पूरा हो जाने की आशा की जाती है ।

18 अनुसंधान संबंधी गतिविधियां

बैंक ने देश में और इसी प्रकार एशिया पेसिफिक रीजन में भी आवास वित्त दृश्य लेख से संबंधित विभिन्न विषयों पर वर्ष के दौरान विभिन्न अनुसंधान और विकास संबंधी पहल की ।

18.1 राष्टीय आवास बैंक और यूनीस्कैप - ग़रीबों के अनुकूल आवास वित्त के संबंध में पहल

राष्ट्रीय आवास बैंक ने एशिया पेसिफिक रीजन के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग के साथ सहयोग में एशिया पेसिफिक रीजन के विभिन्न देशों में आवास वित्त क्षेत्र की स्थिति का अध्ययन करने पर एक संयुक्त अनुसंधान परियोजना हाथ में ली है, जिसमें भारत सहित ग़रीबों के अनुकूल आवास वित्त पर ध्यान केन्द्रित किया गया है । इस कार्यक्रम की गतिविधियों में से एक प्रमुख गतिविधि एशिया और पेसिफिक रीजन में आवास वित्त प्रणालियों पर एक क्षेत्रीय अध्ययन है । प्रस्तावित अध्ययनाधीन ग़रीब अनुकूल आवास वित्त का आधुनिक तकनीकी ज्ञान उन संगठनों और अभिकरणों द्वारा प्रलेखित और विश्लेषित किया जाएगा जिन्हें उनकी राष्ट्रीय सरकारों ने अभिहित किया है ।

ग़रीब अनुकूल आवास वित्त पर एक क्षेत्रीय संवाद 30-31 जनवरी, 2008 के दौरान नई दिल्ली में आहूत किया गया था । संवाद में भारत, इंडोनेशिया, मलयेशिया, थाईलैंड, मंगोलिया, श्रीलंका, पाकिस्तान और यूनीस्कैप, अनहैबिटेट एवं राष्ट्रीय आवास बैंक के अतिरिक्त बांग्लादेश के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था । विश्व बैंक यूसेड सिविल सोसायटी के संगठनों, प्रतिनिधियों, अकादमीशियनों, अन्वेषकों और नीति निर्माताओं ने भी संवाद में भाग लिया था ।

नीतिगत संवाद का उद्देश्य ग़रीबों की आवास वित्त तक पहुंच, औपचारिक और व्यष्टि वित्त तथा समुदाय आधारित आवास वित्त संस्थानों के बीच वित्तीय एवं संस्थागत संयोजन, व्यष्टि वित्त और समुदाय आधारित संस्थानों को अपनी व्याप्ति बढ़ाने, सामर्थ्य और औपचारिक क्षेत्र के संस्थानों को उन बाज़ारों, जो अभी तक बहुत ही जोखिमपूर्ण और उनकी पहुंच से परे समझे जाते थे, तक पहुंचने हेतु उन्हें समुत्साहित किया जाने पर विचार-विमर्श करना था ।

यह प्रतिभागी देशों में ग़रीब अनुकूल आवास वित्त पर सूचना के आदान-प्रदान और कार्यसंजालन (नेटवर्किंग) के लिए ज़रूरत पर विचार-विमर्श का प्रथम अवसर था । इस संवाद में पूंजी बाज़ारों, बंधक और परियोजना ऋण देने, ग़रीबों के लिए आवास वित्त तथा कार्यसंजालन (नेटवर्किंग) के लिए ज़रूरत से संबंधित विषयों पर सविस्तार विचार-विमर्श किया गया था । संवाद में औपचारिक और समुदाय-आधारित आवास वित्त संस्थानों का एक क्षेत्रीय कार्यसंजाल (नेटवर्क) स्थापित करने की आवश्यकता सहित क्षेत्रीय उपायतंत्रों और अवसंरचनाओं की ज़रूरत पर भी विचार-विमर्श किया गया था ।

18.2 भारत में रिहायशी मकानों की मांग का अध्ययन

राष्ट्रीय आवास बैक ने राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान को एक ऐसा व्यापक अध्ययन करने के लिए अधिकृत किया जिसमें आवास की वर्तमान स्थिति, संभावित मांग, वर्तमान उधारकर्ताओं की पार्श्विका, आवास ऋणों संबंधी अनुभव, बैंकों एवं आवास वित्त कंपनियों की वर्तमान आवास ऋण सूची के लिए संपार्श्विक का मूल्यांकन और पार्श्विका शामिल थे ।

इस अध्ययन का विमोचन भारत में रिहायशी मकानों की मांग अध्ययन शीर्षक से राष्ट्रीय आवास बैंक - राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान के एक संयुक्त प्रबंध के रूप में भारतीय रिज़र्व बैंक के तत्कालीन गवर्नर डॉ.वाई.वी.रेड्डी ने 23 जून, 2008 को राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान के वार्षिक दीक्षान्त समारोह के अवसर



30-31 जनवरी, 2008 को गरीब समर्थक आवास वित्त पर क्षेत्रीय नीति संवाद के दौरान वित्त मंत्रालय, भारत सरकार की वित्त सलाहकार, डॉ.विनीता कुमार, अ.एवं प्रबं.निदेशक, श्री एस.श्रीधर, यूनीस्कैप के ग़रीबी एवं विकास विभाग के निदेशक, डॉ.रवि रत्नायके, आरआईएस के महाप्रबंधक, डॉ.नागेश कुमार तथा भा.रि.बैंक के क्षे.निदेशक, श्री आर गांधी ।

पर किया था । इस अध्ययन से आवासीय ज़रूरतों के आकलन पर दिशा-निर्देश मिलने की आशा की जाती है और आवास बाज़ार का आकलन करने और भावी संभावनाओं एवं मूल्यांकन को सुविधाजनक बनाने के लिए एक निवेश के रूप में प्रयोग किया जा सकता है।

18.3 आवास बाज़ार पर अध्ययन

राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद को निम्नलिखित दो अध्ययन करने का कार्य सौंपा गया था अर्थात् -

क. रिहायशी, वाणिज्यिक संपत्तियों और भाटक मूल्यों के मूल्य संचलन के संग्रहण/निगरानी करने के लिए समुचित उपायतंत्र तैयार करना,

ख. आवासीय संपत्तियों के ढांचागत मूल्य का एक अध्ययन करना।

शीर्ष सहकारी आवास वित्त समितियों पर एक अध्ययन उनके विनियामक कार्यढांचे में सुधार करने और अल्प आय परिवारों तक पहुंचने के लिए उनकी गतिविधियां बढ़ाने की संभावना का पता लगाने के लिए भी शुरू किया गया है । यह सहकारी प्रबंधन वैकुंठ मेहता संस्थान, पुणे की ओर से किया जा रहा है । इसकी रिपोर्ट को अंतिम रूप शीघ्र ही दिया जाएगा ।

19. आवासीय स्थावर सम्पदा मूल्य सूचकांक (रा.आ.बैंक का रेज़ीडैक्स)

19.1 स्थावर सम्पदा के क्षेत्र, विशेष रूप से रिहायशी आवास खंड में मूल्यों में संचलन ने न केवल वहनीय अपितु आवास से संबद्ध धन-दौलत के दृष्टिकोण से भी समाज के सभी वर्गों में सदा गहन दिलचस्पी पैदा की है । यद्यपि, भारत में रिहायशी संपत्ति का बाज़ार बिल्कुल सक्रिय है तथापि, मांग एवं आपूर्ति का अनुमान लगाने और समय पर आवास मूल्य संचलन की खबर रखने के लिए कोई संस्थागत उपायतंत्र नहीं था ।

19.2 इस शून्य के समाधानार्थ, राष्ट्रीय आवास बैंक ने इस क्षेत्र में मूल्यों के संचलन पर नियंत्रण रखने और एक उपयुक्त मूल्य सूचकांक तैयार करने के लिए एक प्रायोगिक परियोजना हाथ में ली । इसके लिए आंकड़े 5 बड़े भारतीय नगरों अर्थात् दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता, बैंगलुरु और भोपाल, जो देश के विभिन्न प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करते हैं, से एकत्रित किए गए थे । परियोजना में राष्ट्रीय आवास बैंक की सहायता करने और इसके क्रियान्वयन को आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र विशेषज्ञों के अतिरिक्त सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, राष्ट्रीय आवास बैंक के प्रतिनिधियों के साथ एक तकनीकी सलाहकार ग्रुप स्थापित किया गया था ।

19.3 आवासीय मूल्यों के संचलन पर नियंत्रण के लिए सूचकांक को "राष्ट्रीय आवास बैंक का रेज़ीडैक्स" नाम दिया गया है । इस सूचकांक का औपचारिक रूप से आरम्भ भारत के सम्माननीय वित्त मंत्री श्री पी.चिदम्बरम् ने 10 जुलाई, 2007 को किया था । राष्ट्रीय आवास बैंक अर्धवार्षिक आधार पर सूचकांक की तैयारी देखेगा । प्रारम्भिक चरण में, एक मिलियन से अधिक की आबादी के 35 नगरों को शामिल करने का प्रस्ताव है । बाद में, सूचकांक की व्याप्ति 63 नगरों को शामिल करने के लिए बढ़ा दी जाएगी । अंतिम रूप से, राष्ट्र देशव्यापी प्रतिनिधित्व के सूचकांक तैयार किए जाएंगे ।

19.4 राष्टीय आवास बैंक का मूल्य सूचकांक (रेज़ीडैक्स) घर खरीदने वालों के लिए एक संकेतक होगा कि वे नगरों के बीच, उसी नगर की बस्तियों के बीच मूल्य वृद्धि से घर खरीदने के लिए निर्णय कर सकते हैं । बैंक एवं आवास वित्त कंपनियां, जिनके लिए आवास क्षेत्र में निवेश का सार्थक जोखिम होता है, वे सूचकांक को विशेष रूप से पूर्वता प्राप्त बंधकों के रूप में समर्थक प्रतिभूति के मूल्यांकन में भी मूल्यवान पाएंगे।

20. कंपनी अभिशासन

20.1 सर्वोत्तम व्यवहार के प्रति वचनबद्ध

कंपनी अभिशासन पर सर्वोत्तम व्यवहार का पालन करने की प्रतिबद्धता के साथ, बैंक ने अपने शेयरधारकों के साथ लेनदेन के सभी स्तरों पर निष्पादन के लिए निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही के मूलभूत मूल्यों पर बल दिया है । इस बात को सुविधाजनक बनाने के लिए कि सही सूचना, सही समय पर सही लोगों को

मिल सके, इसके लिए राष्ट्रीय आवास बैंक एक इलैक्ट्रॉनिक दस्तावेज़ भंडारण और पुनः प्राप्ति प्रणाली शुरू करने की प्रक्रिया में है । । इस प्रकार से, बैंक के व्यापार कार्यों में उत्तम कंपनी अभिशासन व्यवहार शामिल है ।

राष्ट्रीय आवास बैंक की वेबसाइट में उसकी व्यापारिक गतिविधियों, नए उत्पादों, संगठन, इत्यादि के बारे में सभी जानकारी अंतर्विष्ट हैं । राष्ट्रीय आवास बैंक से वित्तीय सहायता से संबंधित विभिन्न जानकारी, आवास वित्त कंपनियों के लिए जानकारी, राष्टीय आवास बैंक के प्रकाशन, आवास वित्त कंपनियों के जमाकर्ताओं के लिए जानकारी, इत्यादि वेबसाइट पर आवास वित्त संस्थानों और सर्वसाधारण के लिए उपलब्ध है । राष्ट्रीय आवास बैंक में पंजीकरण की इच्छुक और/अथवा राष्ट्रीय आवास बैंक से साम्या (इक्विटी) सहायता चाहने वाली आवास वित्त कंपनियों के लिए नमूना आवेदन-प्रपत्र वेबसाइट पर उपलब्ध हैं । राष्ट्रीय आवास बैंक जनहित में आवास वित्त कंपनियों के विनियमन एवं पर्यवेक्षण के मामले में समाचार-पत्रों में सूचनाएं भी प्रकाशित करता है ।

20.2 निदेशक मंडल

निदेशक मंडल राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 के अध्याय-III में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार गठित किया गया है । अधिनियम की धारा 5(1) के उपबंधों के अनुसार, बैंक के व्यापार के कार्यों का सामान्य अधीक्षण, निर्देशन और प्रबंधन निदेशक मंडल में निहित है । निदेशक मंडल में बैंक का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा ग्यारह ग़ैर-पालक निदेशक शामिल हैं, जो जनहित का सम्यक आदर करते हुए व्यापारिक सिद्धांतों पर कृत्य करते हैं । निदेशक मंडल ने दो समितियां गठित की हैं अर्थात् (क) निदेशकों की कार्यपालक समिति और (ख) निदेशक मंडल की लेखापरीक्षण समिति । ये समितियां बैंक के कार्यों पर बेहतर ध्यान केन्द्रित कर सकने के लिए गठित की गई हैं । कार्यपालक समिति और निदेशक मंडल की लेखापरीक्षण समिति के प्रकार्य सुपरिभाषित हैं और निदेशक मंडल ने कतिपय शक्तियां इन समितियों को प्रत्यायोजित की हैं । निदेशक मंडल/समितियों की बैठकें नियमित अंतराल से आयोजित की जाती हैं । उपर्युक्त के अतिरिक्त, निदेशक मंडल ने 24.01.2008 को आयोजित उसकी 82वीं बैठक में निदेशकों की एक समिति (सीबीएसओएस) बैंक की व्यापार संबंधी रणनीति संगठन संरचना का पुनरीक्षण करने के लिए गठित की है ।

वर्ष 2007-08 के दौरान, निदेशक मंडल की 5 बैठकें, कार्यपालक समिति की 4 बैठकें और निदेशक मंडल की लेखापरीक्षण समिति की 6 बैठकें हुई थीं । व्यापार संबंधी रणनीति और बैंक की संगठन संरचना का पुनरीक्षण करने के लिए निदेशकों की समिति (सी-बीएसओएस) की एक बैठक हुई । सभी बैठकें नई दिल्ली में बैंक के मुख्य कार्यालय में आयोजित की गई थीं ।

बैंक के निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन हुए हैं :-

i. श्री एम.वी.पी.सी. शास्त्री, भा.प्र.सेवा, आवास विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार के प्रधान सचिव ने 06.09.2007 से भा.प्रा.सेवा के श्री ए.के.परीदा का स्थान लिया और कार्यकाल समाप्त होने की अवधि 20.04.2008 तक बने रहे ।

ii. श्री शंकर अग्रवाल, भा.प्र.सेवा, आवास एवं नगर नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के प्रधान सचिव ने 22.10.2007 से भा.प्र.सेवा के श्री मोहिन्दर सिंह का स्थान लिया और कार्यकाल की समाप्ति की अवधि अर्थात् 20.04.2008 तक बने रहे, और

iii. डॉ.एच.एस.आनंद, भा.प्र.सेवा, आवास एवं शहरी ग़रीबी उपशमन मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव 31.08.2008 को सेवा से निवृत्त हो गए ।

निदेशक मंडल ने श्री ए.के.परीदा, भा.प्र.सेवा, श्री मोहिन्दर सिंह, भा.प्र.सेवा, श्री एम.वी.पी.सी. शास्त्री, भा.प्र.सेवा, श्री शंकर अग्रवाल, भा.प्र.सेवा और डॉ.एच.एस.आनंद, भा.प्र.सेवा के बहुमूल्य योगदान की अत्यधिक सराहना की और उसे अभिलेख में दर्ज किया ।

केन्द्र सरकार ने अपनी अधिसूचना एफ.सं.7/1/2008-बीओ-1 दिनांकित 19.09.2008 में राज्य सरकार के अधिकारियों में से, राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम,

1987 की धारा 6(1)(एफ) के उपबंधों के अधीन 20.09.2008 से राजस्थान सरकार के आवास/नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव और तमिलनाडु सरकार के आवास/नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव को 3 वर्ष की एक अवधि के लिए बैंक का निदेशक नियुक्त किया । श्री डी.बी.गुप्ता, भा.प्र.सेवा, प्रधान सचिव, राजस्थान सरकार और श्री आर.सेल्लामुथु, भा.प्र.सेवा, तमिलनाडु सरकार के प्रधान सचिव वर्तमान पदधारी हैं।

20.3 जून, 2007 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक वित्तीय निरीक्षण

भारतीय रिज़र्व बैंक ने राष्ट्रीय आवास बैंक का निरीक्षण भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-एन के अधीन 30 जून, 2007 को उसकी स्थिति के संदर्भ में किया ।

अनुपालन रिपोर्ट को निदेशक मंडल की लेखापरीक्षण द्वारा अनुमोदित की जाने के बाद भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत कर दी गई है ।

20.4 दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली की शुरूआत

कंपनी अभिशासन में बेहतर व्यवहार का पालन करते हुए, निदेशक मंडल सचिवालय ने एक मानकीकृत इलैक्ट्रॉनिक प्ररूप में दस्तावेज़ों के भंडारण और पुनः प्राप्ति के लिए प्रलेख प्रबंध प्रणाली कियान्वित की । इससे न केवल इलैक्ट्रॉनिक प्ररूप (फॉर्मेट) में ऐतिहासिक दस्तावेज़ों के प्रग्रहण में, अपितु कम समय और कम कागज़ के साथ उत्तम सेवा प्रदान करने को सुविधाजनक बनाने में भी सहायता मिली है । इसके अतिरिक्त, इसने भारी सुरक्षा के साथ जोखिम के प्रबंधन और एक आपदा वसूली प्रबंध प्रणाली स्थापित करने में भी सुविधा प्रदान की है ।

20.5 लेखापरीक्षकगण

भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से मैसर्स डी.सिंह एंड कंपनी, सनदी लेखाकारों को राष्ट्रीय आवास बैंक के सांविधिक लेखापरीक्षक नियुक्त किया गया है । राष्ट्रीय आवास बैंक के (30 जून को समाप्त) वार्षिक लेखा के अतिरिक्त (31 दिसम्बर) को समाप्त अर्धवार्षिक लेखा सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के साथ अवलोकनार्थ निदेशक मंडल की लेखापरीक्षण समिति के सामने और तब अंगीकरण के लिए निदेशक मंडल के सामने रखा गया था । सांविधिक लेखापरीक्षकों को निदेशक मंडल की लेखापरीक्षण समिति/निदेशक मंडल की बैठक(ों), जहां वार्षिक लेखा रखा गया था, वहां, लेखा पर उनकी टिप्पणियां एवं विचार अभिव्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया था । अर्धवार्षिक एवं वार्षिक लेखा के अतिरिक्त, उन्होंने कर संबंधी उद्देश्य से, 31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के लेखा की भी लेखापरीक्षा की है । सांविधिक लेखापरीक्षकों ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा यथा विहित, सांविधिक अनुपालन पर अन्य रिपोर्टों के अतिरिक्त, कर संबंधी लेखापरीक्षण रिपोर्ट पर भी हस्ताक्षर किए हैं ।

इस समय, आंतरिक लेखापरीक्षण संबंधी प्रकार्य मैसर्स एस.जयकिशन एंड कंपनी, सनदी लेखाकारों को सौंपे गए हैं । फर्म दो आंतरिक लेखापरीक्षण रिपोर्टें अर्थात् मुख्य कार्यालय पर एक त्रैमासिक रिपोर्ट और मुम्बई क्षेत्रीय कार्यालय पर एक मासिक रूप से प्रत्युत्तर रिपोर्ट प्रस्तुत करती है । ये रिपोर्टें बैंक/अंतर-शाखा लेखा के समाधान, समाधान में बकाया प्रविष्टियों के समायोजन, भारतीय रिज़र्व बैंक को विभिन्न विवरणियां, इत्यादि प्रस्तुत करने तथा निवेश के समवर्ती लेखापरीक्षण पर मासिक रिपोर्ट के बारे में थी । रिपोर्टों पर प्रक्रिया पूरी की जाती है और तत्पश्चात् निदेशक मंडल की लेखापरीक्षण समिति के सामने अवलोकनार्थ और टिप्पणियों के लिए रखी जाती है । आंतरिक लेखापरीक्षण की रिपोर्टों पर अनुपालन संविधि नियमित रूप से निदेशक मंडल की लेखापरीक्षण समिति की आगामी बैठकों में रखी जाती है । निदेशक मंडल की लेखापरीक्षण समिति को आंतरिक लेखापरीक्षण की रिपोर्ट की रिपोर्टिंग संविधि अद्यतन है । आंतरिक लेखापरीक्षकों की यथा आवश्यक अपनी टिप्पणी और विचार व्यक्त करने के लिए इस समिति में आमंत्रित किया जाता है ।

21. मानव संसाधन

21.1 कर्मचारीवृंद की भर्ती

यथा 30 जून, 2008 को बैंक का कुल कर्मचारीवृंद 80 था, जबकि पूर्वतम वर्ष पूरा होने तक यह 67 था

। समीक्षाधीन अवधि में, बैंक ने राष्ट्रीय आवास बैंक के रेज़ीडैक्स कक्ष के प्रभारी के रूप में भारत सरकार से प्रतिनियुक्ति पर एक प्रधान सलाहकार नियुक्त किया था। इसके अतिरिक्त, 11 सहायक प्रबंधक, 9 उप प्रबंधक, 3 प्रबंधक, 3 क्षेत्रीय प्रबंधकों ने कैम्पस भर्तियों के अतिरिक्त, प्रत्यक्ष भर्ती के माध्यम से बैंक में कार्यग्रहण किया है । इसके साथ ही, 6 अधिकारी और 2 व्यापार सलाहकार भी अनुबंधाधार पर रखे गए हैं। इस वर्ष में 14 अधिकारियों को बैंक की सेवा से त्यागपत्र देने/सेवानिवृत्ति के कारण कार्यमुक्त किया गया है ।

21.2 प्रशिक्षण

अधिकारियों की (कार्य) कुशलता समुन्नत करने और उनकी प्रवीणता बढ़ाने, बैंक अपने कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित करने के अतिरिक्त, विभिन्न प्रशिक्षण और प्रबंध विकास संबंधी कार्यक्रमों में बैक अपने अधिकारयों को प्रतिनियुक्त करता है । 11 अधिकारी विदेश में प्रशिक्षण और सम्मेलन में भाग लेने के लिए भेजे गए थे, जबकि वित्त, परियोजना प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, इत्यादि विभिन्न विषयों पर भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण एवं प्रबंध विकास कार्यक्रमों के लिए बैंक की ओर से 53 अधिकारी नामित किए गए थे ।

21.3 मध्यावधि पुनरीक्षण सम्मेलन

भागीदारी प्रबंधन के संवर्धनार्थ, बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए एक मध्यावधि पुनरीक्षण सम्मेलन 8-9 मार्च, 2008 के दौरान पर्यावरणीय जागरूकता और प्रशिक्षण के लिए संसाधन कुशल टेरी रिट्रीट में आयोजित किया।

21.4 परामर्शदाता योजना

बैंक ने नए भर्ती हुए अधिकारियों के लिए एक परामर्शदाता योजना शुरू की है । इसका उद्देश्य बैंक, उसके विज़न और लक्ष्यों की एक अच्छी समझदारी तेज़ी से विकसित करके अधिकारी की स्थिति संगठन में उपयुक्त बनाने के लिए सहायता देना है ।

21.5 आरक्षण नीति का अनुपालन

बैंक भारत सरकार की आरक्षण नीति का पालन कर रहा है । बैंक में एक सम्पर्क अधिकारी प्रकार्यरत है। बैंक इस बारे में भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार, पद आधारित रोस्टर रख रहा है ।

22. राजभाषा

22.1 राष्ट्रीय आवास बैंक भारत सरकार की राजभाषा नीति के सफल और प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहा है और बैंक में हिंदी की प्रगति के लिए उपयुक्त एवं प्रभावी उपाय किए हैं ।

9 अप्रैल, 2008 को नई दिल्ली में राज्यसभा की अधीनस्थ विधान पर गठित समिति की गोष्ठी ।

22.2 भारत सरकार की ओर से निर्धारित उपबंधों अर्थात् हिंदी मे ही द्विभाषी/हिंदी के संप्रेषणों का प्रत्युत्तर हिंदी में देना, धारा 3(3) के अधीन दस्तावेज़ द्विभाषी रूप से जारी करना, बैंक की रिपोर्टों और प्रकाशनों का द्विभाषी मुद्रण, लेखन सामग्री की मदों का द्विभाषी मुद्रण, आदि का पालन प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है और इस पर निगरानी रखी जा रही है । हिंदी कार्यशालाएं नियमित अंतराल से आयोजित की जाती हैं और बैंक के दैनिक प्रकार्यों में हिंदी के प्रयोग के संवर्धनार्थ "हिंदी चेतना मास" भी मनाया जाता है। 16 अगस्त, 2007 से 14 सितम्बर, 2007 तक हिंदी चेतना मास मनाया जाने के दौरान, 6 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं, जिनमें भारी संख्या में बैंक के अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । "योग" एवं "मधुमेह" पर दो हिंदी वृत्त चित्रों का प्रदर्शन किया गया था और "हिंदी पुस्तकें एवं पत्रिकाएं और हिंदी के प्रयोग" पर एक संगोष्ठी का आयोजन भी इस वर्ष में किया गया था । इसके अतिरिक्त, स्थलों का अथवा भिन्न-भिन्न अवस्थितियों का दृश्य प्रस्तुतिकरण भी हिंदी लेखन के संवर्धनार्थ इस वर्ष आयोजित किया गया था । अधिकारियों द्वारा हिंदी का प्रयोग बढ़ाये जाने के लिए, समय-समय पर विभिन्न प्रोत्साहन योजनाएं भी प्रारम्भ की जाती हैं । बैंक की विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक तीन माह में एक बार होती है, जिसमें मुख्य कार्यालय में और मुम्बई क्षेत्रीय कार्यालय में हिंदी के प्रयोग में हुई प्रगति का पुनरीक्षण किया जाता है और प्रयोग बढ़ाने के लिए उपयुक्त उपाय अंगीकार किए जाते हैं ।

22.3 बैंक की प्रकाशित, त्रैमासिक हिंदी पत्रिका "आवास भारती" विषय-वस्तु और पाठक, दोनों से समृद्ध की गई है । पत्रिका ने वर्ष 2006-07 के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा आयोजित अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है ।

23. विविध

23.1 प्रतिनिधि कार्यालय खोलना

बैंक की बाह्य पहुंच बढ़ाने की दृष्टि से, बैंक ने चैन्नई, बैंगलुरु, कोलकाता में प्रतिनिधि कार्यालय खोले हैं, जिनसे प्रतिनिधि कार्यालयों की कुल संख्या चार हो गई है । प्रतिनिधि दक्षिणी एवं पूर्वी प्रदेशों में व्यापार विकास प्रजनक के रूप में कृत्य करेंगे । बैंक अहमदाबाद एवं लखनऊ में भी प्रतिनिधि कार्यालय खोलने की योजना बना रहा है ।

रा.आ.बैंक के हिंदी चेतना मास 2007 के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. सरोजनी प्रीतम के साथ का. नि. श्री सुरेन्द्र कुमार, अ.एवं प्र. नि. श्री एस श्रीधर, तथा म.प्र. श्री पी के कौल

वार्षिक लेखा
2007-08

(समेकित)

20वें वार्षिक लेखा पर परिचर्चा हेतु निदेशक मंडल की गोष्ठी ।

लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट

हमने यथा 30 जून, 2008 को राष्ट्रीय आवास बैंक के (सामान्य और विशेष आरक्षित निधि) संबद्ध तुलन-पत्र और उसी तारीख को समाप्त वर्ष के उसके साथ संलग्न लाभ एवं हानि लेखा की लेखापरीक्षा की है । ये वित्तीय विवरण बैंक के प्रबंधन का उत्तरदायित्व हैं । हमारा उत्तरदायित्व हमारे लेखापरीक्षण के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर राय देना है ।

हमने लेखापरीक्षा भारत में सामान्य रूप से स्वीकृत लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार की है । इन मानकों की अपेक्षा है कि हम उपयुक्त आश्वस्त होने के लिए लेखापरीक्षा करने की योजना तैयार करें और उसका निष्पादन करें कि क्या वित्तीय विवरण मिथ्या कथन से मुक्त हैं ? लेखापरीक्षा में राशियों के समर्थन में साक्ष्यों की टेस्ट आधार पर जांच करना और उन्हें वित्तीय विवरणियों में शामिल करना होता है । लेखापरीक्षा में प्रयुक्त लेखांकन सिद्धान्तों का मूल्यांकन करना और प्रबंधन द्वारा किए गए प्रमुख प्राक्कलनों तथा प्रस्तुत समग्र वित्तीय विवरण का मूल्यांकन करना भी शामिल होता है । हमें विश्वास है कि हमारी लेखापरीक्षा हमारी राय को उपयुक्त आधार प्रदान करती है ।

हम यथा निम्नानुसार रिपोर्ट देते हैं :

क. सामान्य निधि के तहत तुलन-पत्र और लाभ एवं हानि लेखा राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 और उसके अर्न्तगत बनाए विनियमों तथा विशेष निधि के तहत राष्ट्रीय आवास बैंक (गंदी-बस्ती सुधार एवं अल्प आवास निधि) विनियमावली, 1993 के उपबंधों के अनुसार तैयार किया गया है ।

ख. हमारी राय में, बैंक द्वारा विधिक आधार पर वांछित उचित बहियां तैयार की गई हैं, जहां तक हमने अपनी जांच-पड़ताल के अनुसार पाया ।

ग. इस रिपोर्ट में वर्णित तुलन-पत्र और लाभ एवं हानि लेखा खाता बहियों के अनुरूप है ।

हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि :

1. हम निम्नलिखित मामलों में बैंक द्वारा की गई कार्रवाई और बैंक के खातों पर पड़ने वाले उनके प्रभाव के संबंध में अपनी राय देने में असमर्थ हैं, क्योंकि न्यायालय द्वारा अभी अंतिम निर्णय लिया जाना है और रकमें भी अवधारित की जानी हैं ।

   क. विशेष न्यायालय एवं अन्यों द्वारा एक डिक्री के अनुसरण में स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र से प्राप्त 237.06 करोड़ रुपए और जो "अन्य देयताओं" में शामिल हैं (नोट सं.18.1)

   ख. "अन्य देयताओं" में दर्शाए 149.37 करोड़ रुपए जो विशेष न्यायालय के आदेशों के अनुसरण में बैंक द्वारा स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र को चुकता किये 95.40 करोड रुपए और अभिरक्षक को बैंक द्वारा चुकता किये 53.97 करोड़ रुपए का द्योतक है (नोट सं.18.2)

2. इसके अतिरिक्त हम, उपर्युक्त अनुच्छेद-1 में हमारी टिप्पणियों के अनुसार, हमारी राय में और हमारी पूर्ण जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार और बैंक की लेखा बहियों में जैसा दर्शाया गया है, कथित लेखा राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 और उसके अधीन निर्मित विनियमों में वांदित अपेक्षित जानकारी उपलब्ध कराते हैं और सामान्यतया स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप हैं । हम रिपोर्ट करते हैं कि -

3. जहां कहीं हमने जानकारी और स्पष्टीकरण मांगा, वह जानकारी एवं स्पष्टीकरण हमें दिए गए और हमने उन्हें संतोषजनक पाया ।

   क) बैंक का तुलन-पत्र जो टिप्पणियों एवं प्रमुख लेखांकन नीतियों के साथ पठनीय है, तुलन-पत्र सभी वांछित विवरण के साथ ठीक है

तथा उसे इस प्रकार सही ढंग से तैयार किया गया है कि उसमें बैंक की यथा 30 जून, 2008 तक की सही एवं निष्पक्ष स्थिति प्रस्तुत हो, और

ख) बैंक का लाभ एवं हानि लेखा जो टिप्पणियों एवं प्रमुख लेखांकन नीतियों के साथ पठनीय है, बैंक को निर्दिष्ट तारीख को समाप्त वर्ष में हुए लाभ को सही दर्शाता है ।

कृते डी.सिंह एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

ह./-
(श्रीमती सिमरन सिंह)
भागीदार
एफ-98641

स्थान : नई दिल्ली
तारीख : 23 सितम्बर, 2008

राष्ट्रीय आवास बैंक

तुलन-पत्र

पूर्व वर्ष (करोड़ रुपए)		दायित्व	अनुसूचियां	चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
450.00	1.	पूंजी	I	450.00
1389.07	2.	आरक्षित निधि	II	1557.83
0.00	3.	लाभ एवं हानि लेखा	III	0.00
9,083.25	4.	बांड एवं डिबेंचर	IV	5,714.72
400.00	5.	गौण ऋण		400.00
0.00	6.	आवास वित्त कंपनियों से जमा		0.25
8,995.68	7.	उधार	V	10,865.88
76.06	8.	आस्थगित कर-देयता (निवल)		77.29
542.82	9.	चालू दायित्व और प्रावधान	VI	553.27
272.49	10.	अन्य देयताएं	VII	272.49
14.02	11.	बैंकों/आ.वि.कं. में गृह ऋण खाते में जमाराशियां-प्रति-प्रविष्टि के अनुसार (संदर्भ नोट सं.23.3)		6.17
21,223.39		**योग**		**19,897.90**

ह./-
के.एन. कुंभारे
प्रबंधक

ह./-
ए.पी.सक्सेना
सहायक महाप्रबंधक

ह./-
आर.एस.गर्ग
महाप्रबंधक

ह./-
सुरेन्द्र कुमार
कार्यपालक निदेशक

ह./-
आर.वी.वर्मा
कार्यपालक निदेशक

ह./-
एस.श्रीधर
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

निदेशक

ह./-
विद्याधर के.फाटक

ह./-
डॉ.एरोल डी'सूज़ा

ह./-
आर.वी.शास्त्री

ह./-
जयश्री ए.व्यास

ह./-
श्यामला गोपीनाथ

ह./-
लक्ष्मी चंद

ह./-
अमिताभ वर्मा

ह./-
नीलम साहनी

नई दिल्ली, 23 सितम्बर, 2008

यथा 30 जून, 2008 को

पूर्व वर्ष (करोड़ रुपए)		दायित्व	अनुसूचियां	चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
972.01	1.	नकद एवं बैंक शेष	VIII	1,089.63
288.23	2.	निवेश	IX	719.48
19,571.85	3.	ऋण एवं अग्रिम	X	17,671.17
23.37	4.	अचल आस्तियां	XI	21.81
353.91	5.	अन्य आस्तिया	XII	389.64
14.02	6.	बैंकों/आ.वि.कं.के पास गृह ऋण खाते में जमाराशियां-प्रति-प्रविष्टियों के अनुसार (2,222,511 रुपए में से स्वतः पुनर्वित्त के रूप में प्रयुक्त)		6.17
21,223.39		**योग**		**19,897.90**
200.54		**विविध देयताएं**	**XIII**	**164.04**
		लेखाओं में शामिल टिप्पणियां	**XIV**	

सम दिनांक की हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते डी.सिंह एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

ह./-
(सुश्री सिमरन सिंह)
भागीदार
एम.नं.एफ.98641

लाभ एवं हानि लेखा

पूर्व वर्ष (करोड़ रुपए)		व्यय		चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
1,213.19	1.	ब्याज (सीबीएलओ पर निवल छूट के 8.35 करोड़ रु. सहित)		1,264.59
4.45	2.	स्टाफ के वेतन, भत्ते और सेवांत लाभ		3.39
0.08	3.	निदेशकों और समिति के सदस्यों की फीस और व्यय		0.14
0.06	4.	लेखापरीक्षा फीस (पिछले वर्षों के 2.12 लाख रु. सहित)		0.11
0.96	5.	किराया, कर, बिजली और बीमा		1.03
0.27	6.	डाक व्यय,तार, टैलैक्स और टेलीफोन		0.31
0.13	7.	विधिक व्यय		0.09
	8.	लेखन सामग्री, मुद्रण, विज्ञापन आदि		
0.32		(i) मुद्रण एवं लेखन सामग्री	0.57	
0.40		(ii) विज्ञापन	1.33	1.90
2.39	9.	अवक्षयण		2.90
3.75	10.	दलाली, गारंटी शुल्क और अन्य वित्तीय प्रभार		3.61
2.03	11.	स्टांप डयूटी		0.59
1.14	12.	यात्रा व्यय (विदेशी दौरों सहित)		1.27
5.03	13.	अन्य व्यय (टिप्पणी 24 देखें)		6.40
0.00	14.	ब्याज दर में संशोधन पर ब्याज संदत्त		0.19
0.03	15.	निवेश पर अवक्षयण (टिप्पणी 25 देखें)		7.70
0.00	16.	ऋण एवं अग्रिम बट्टे खाते (टिप्पणी 30 देखें)		17.24
16.24	17.	मानक आस्तियों के लिए प्रावधान		0.00
10.75	18.	आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36(I)(viiक)(ग) के तहत अशोध्य ऋणों के लिए प्रावधान		13.60
0.07	19.	धन कर		0.09
(2.65)	20.	आस्थगित कर		1.23
69.20	21.	आयकर		86.40
0.18	22.	अनुषंगी लाभ कर		0.19
114.31	23.	लाभ का शेष (अग्रनीत)		169.70
1442.33		**योग**		**1,582.67**
13.11	24.	स्टांप डयूटी के लिए प्रावधान		0.00
0.22	25.	कर्मचारी हितकारी निधि में अंतरण		0.39
61.71	26.	आरक्षित निधि में अंतरण		152.18
30.20	27.	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के तहत विशेष आरक्षित निधि में अंतरण		12.50
9.15	28.	तुलन-पत्र में अग्रनीत शेष		11.71
114.39		**योग**		**176.78**

@राशि 0.50 लाख रुपए से कम

30 जून, 2007 को समाप्त वर्ष के लिए

पूर्व वर्ष (करोड़ रुपए)		आय		चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
	1.	ऋणों, अग्रिमों और बैंक में जमाराशियों पर ब्याज		
1275.91		(i) ऋण एवं अग्रिम	1,383.46	
149.62		(ii) बैंक में जमाराशि	110.01	1,493.47
0.06	2.	ब्याज दर परिवर्तन से ब्याजगत आय		2.76
3.89	3.	निवेश से आय		26.67
1.71	4.	निवेशों की बिक्री से आय		7.89
9.66	5.	म्युचुअल फंड के क्रय विक्रय से लाभ		21.71
@	6.	अचल आस्तियों की बिक्री से लाभ		@
1.13	7.	अन्य आय		3.65
5.51	8.	वायदा विनिमय अनुबंध पर लाभ		1.16
(6.57)	9.	विदेशी जमाओं एवं ऋणों के पुनर्मूल्यांकन से लाभ/(हानि)		3.11
1.33	10.	प्रावधान अब आवश्यक नहीं, अब पुनरांकित		22.25
0.08	11.	प्रावधान एवं आकस्मिक व्यय		
		(निवेश रिवर्स के लिए अतिरिक्त प्रावधान)		0.00
1442.33		**योग**		**1582.67**
114.31	12.	नीचे लाए लाभ का शेष		169.70
0.08	13.	पूर्व वर्षों में गारंटी शुल्क कमीशन		0.00
0.00	14.	निवेश बदलाब आरक्षित निधि से अंतरण		
		(टिप्पणी 25देखें)		7.08
114.39				**176.78**

@राशि 0.50 लाख रुपए से कम

ह./-
के.एन. कुंभारे
प्रबंधक

ह./-
ए.पी.सक्सेना
सहायक महाप्रबंधक

ह./-
आर.एस.गर्ग
महाप्रबंधक

ह./-
सुरेन्द्र कुमार
कार्यपालक निदेशक

ह./-
आर.वी.वर्मा
कार्यपालक निदेशक

ह./-
एस.श्रीधर
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

निदेशक

ह./-
विद्याधर के.फाटक

ह./-
डॉ.एरोल डी'सूज़ा

ह./-
आर.वी.शास्त्री

ह./-
जयश्री ए.व्यास

ह./-
श्यामला गोपीनाथ

ह./-
लक्ष्मी चंद

ह./-
अमिताभ वर्मा

ह./-
नीलम साहनी

नई दिल्ली, 23 सितम्बर, 2008

सम दिनांक की हमारी संलग्न रिपोर्ट के अनुसार
कृते डी.सिंह एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

ह./-
(सुश्री सिमरन सिंह)
भागीदार
एम.नं.एफ.98641

30 जून, 2008 को तुलन-पत्र की अनुसूचियां

पूर्व वर्ष (करोड़ रुपए)	अनुसूचियां	चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
	अनुसूची - I	
	पूंजी	
450.00	1. प्राधिकृत	450.00
450.00	2. निर्गमित और चुकता (भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा पूर्णतः अभिदत्त)	450.00
450.00		**450.00**

अनुसूची - II
आरक्षित निधियां

(करोड़ रुपए)

विवरण	प्रारम्भिक जमा	जोड़	कटौती	इति शेष
1. आरक्षित निधि	865.98	152.18 *	1.03 #	1,017.13
2. विशेष निधि (गंदी-बस्ती सुधार एवं अल्प लागत आवास निधि)	230.26	11.71 **	0.00	241.97
3. आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viii) के अनुसार विशेष आरक्षित निधि	264.20	12.50 ***	0.00	276.70
4. निवेश अस्थिरता आरक्षित निधि	20.08	0.00	7.08	13.00
5. कराधान आरक्षितियां	7.45	0.00	0.00	7.45
6. कर्मचारी हिताधिकारी निधि	1.10	0.48****	@ $	1.58
योग	**1,389.07**	**176.87**	**8.11**	**1,557.83**

** 152.18 करोड़ रु. लाभ एवं हानि लेखा में अंतरित किये गये हैं ।*

*** लाभ एवं हानि में शामिल विशेष निधि का शेष लाभ विशेष निधि में अंतरित किया गया हैं ।*

**** आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(I)(viii) के अनुसार सृजित लाभ एवं हानि लेखा से 12.50 करोड़ रुपये विशेष आरक्षित निधि लेखा में अंतरित किये गये हैं ।*

***** लाभ एवं हानि से 0.39 करोड़ रुपये और कर्मचारी हिताधिकारी निधि के बैंक में जमा सावधि जमाओं पर ब्याज के लिए 0.09 करोड़ रुपये अंतरित किये गये हैं ।*

 # रोगी अवकाश के लिए संक्रमणकालीन दायित्व (टिप्पणी 17 देखें)

$ योजना के अन्तर्गत अधिकारियों को किये गये भुगतान से संबंधित राशि

पूर्व वर्ष (करोड़ रुपए)				चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
		अनुसूची - III		
		लाभ एवं हानि लेखा		
9.15		क) संलग्न लाभ-हानि लेखा के अनुसार शेष	11.71	
9.15		ख. घटाएं : वशेष निधि का लाभ (स्लम उन्नयन एवं कम लागंत आवास निधि) अंतरित	11.71	0.00
0.00				**0.00**
		अनुसूची - IV		
		बांड एवं डिबेंचर		
343.00	1.	बांड (सरकारी गारंटीशुदा)		273.00
174.20	2.	ज़ीरो कूपन बांड		174.20
145.00	3.	8.10% रा.आ.बैंक के बांड		145.00
	4.	प्राथमिकता क्षेत्र बांड		
800.00		क. कर मुक्त *बांड*	460.00	
1,368.83		ख. कर योग्य *बांड*	1,040.33	
491.60		ग. विशेष श्रृंखला बांड	472.80	1,973.13
5,760.62	5.	कैपीटल गेन बांड		3,149.39
9,083.25				**5,714.72**
		अनुसूची - V		
		ऋण		
	1.	**भारतीय रिज़र्व बैंक से**		
50.00		क. राष्ट्रीय आवास ऋण (दीर्घावधि परिचालन) निधि से	50.00	
31.59		ख. अन्य (ऋण सहायता)	28.96	78.96
	2.	**अन्य स्रोतों से**		
8,503.63		क. भारत में	10,331.65	
410.46		ख. भारत से बाहर	413.53	10,745.18
0.00	3.	**सीबीएलओ ऋण**		41.74
8,995.68				**10,865.88**

पूर्व वर्ष (करोड़ रुपए)				चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
		अनुसूची - VI		
		वर्तमान देयताएं एवं प्रावधान		
	1.	देय ब्याज		
157.94		क) सीजी बांड पर देय ब्याज	118.24	
0.00		ख) सीजी बांड पर अदावित ब्याज	1.66	
144.83		ग) अन्य ऋणों पर देय ब्याज	213.06	332.96
	2.	सेवानिवृत्ति लाभार्थ प्रावधान		
0.46		क)सेवानिवृत्त अधिकारियों के लिए चिकित्सा व्यय	0.39	
0.93		ख) अवकाश नकदीकरण	0.74	
1.49		ग) उपदान	1.13	
0.00		घ) रुग्ण अवकाश	1.03	3.29
81.71	3.	मानक आस्तियों के लिए प्रावधान (टिप्पणी 12.2 देखें)		81.71
40.82	4.	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viiए)(सी) के अधीन एनपीए/डूबे ऋणों के लिए प्रावधान		64.42
0.25	5.	गृह ऋण खाता योजना के लिए प्रावधान		0.25
14.47	6.	स्टाम्प ड्यूटी के लिए प्रावधान (टिप्पणी 26 देखें)		14.47
88.80	7.	अदावित मोचित देय डिबेंचर		44.64
11.12	8.	अन्य		11.53
542.82				**553.27**
		अनुसूची - VII		
		अन्य देयताएं		
237.20	1.	1991-92 का अपरिनिर्धारित संव्यवहार		237.20
35.29	2.	अपरिनिर्धारित लेनदेन पर ब्याज		35.29
272.49				**272.49**

पूर्व वर्ष (करोड़ रुपए)					चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
		अनुसूची - VIII			
		नकद एवं बैंक शेष			
@	1.	हस्तगत नकदी/शेष			@
0.03	2.	भारतीय रिज़र्व बैंक में शेष			0.13
	3.	अन्य बैंकों में शेष			
		क. भारत में :			
57.65		i) चालू खाता		64.36	
487.77		ii) बैंकों में जमा (लिए ऋण/व्यवस्था के लिए बैंकों को 300 करोड़ रुपये गिरबी)		591.02	
0.78		iii) बैंकों में सावधि जमा - कर्मचारी हिताधिकारी निधि		1.00	656.38
		ख. भारत से बाहर :			
425.78		बैंकों में सावधि जमा			433.12
972.01					**1,089.63**
		अनुसूची - IX			
		निवेश			
		(मूल्यानुसार या बाजार मूल्य,जो कम हो)			
1.90	1.	सरकारी प्रतिभूतियां (सीबीएलओ परिचालन के लिए सीसीआईएल में गिरबी करोड़ रु. मूल्य की प्रतिभूतियां)		461.23	
0.00		घटाएं : मूल्यह्रास		7.08	454.15
5.80	2.	आवास वित्त संस्थानों में इक्विटी			3.40
0.53	3.	भवन निर्माण सामग्री कंपनी में इक्विटी		0.53	
0.53		*घटाएं* : मूल्यह्रास		0.53	0.00
	4.	अन्य संस्थानों के स्टॉक, शेयर, बांड, डिबेंचर और प्रतिभूतियां			
229.80		क. म्युचुअल फंड की यूनिटें		211.50	
0.83		ख. एसपीवी न्यास के पास थ्रू प्रमाण-पत्रों में निवेश, जिनका रा.आ.बैंक न्यासी है		0.53	
		ग. अन्य निवेश :			
45.00		i. गौण बांड	45.00		
4.90		ii) अन्य	4.90	49.90	261.93
288.23					**719.48**

पूर्व वर्ष (करोड़ रुपए)				चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
		अनुसूची - X		
		ऋण और अग्रिम		
	I	**पुनर्वित्त**		
	1.	आवास वित्त संस्थान :		
4,799.58		क. आवास वित्त कंपनियां		4,766.37
150.24		ख. सहकारी आवास वित्त समितियां		129.39
	2.	अनुसूचित बैंक :		
13,815.00		क. वाणिज्यिक बैंक	11,750.96	
1.76		ख. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	1.33	
62.35		ग. शहरी सहकारी बैंक	115.79	11,868.08
198.08	3.	राज्य सहकारी कृषि ग्रामीण विकास बैंक/भूमि विकास बैंक		142.58
	II	**प्रत्यक्ष उधार**		
568.55	4.	आवास बोर्ड, विकास प्राधिकारण, इत्यादि		764.75
3.39	***III***	अन्य (अधिग्रहीत ऋण)		0.00
19,598.95		सकल ऋण एवं अग्रिम		**17,671.17**
27.10		**घटाएं :** अनिष्पादित आस्तियों के लिए प्रावधान		0.00
19,571.85		**निवल ऋण एवं अग्रिम**		**17,671.17**

अनुसूची - XI
स्थायी आस्तियां

(राशि करोड़ रुपए में)

	लागत खंड				अवक्षयण				निवल खंड	
विवरण	**यथा 01.07.2007**	**परिवर्धन**	**विलोपन/ समायोजन**	**यथा 30.06.2008**	**यथा 01.07.2007**	**परिवर्धन**	**विलोपन/ समायोजन**	**यथा 30.06.2008**	**यथा 30.06.2008**	**यथा 30.06.2007**
परिसर	34.8	-	-	34.80	14.15	1.03	-	15.18	19.62	20.65
मोटर वाहन	0.92	0.07	-	0.99	0.82	0.11	-	0.93	0.06	0.10
फर्नीचर एवं जुड़नार (फिक्स्चर)	1.94	0.17	-	2.11	1.71	0.06	-	1.77	0.34	0.23
कार्यालय संबंधी उपकरण	1.52	0.13	@	1.65	1.29	0.10	@	1.39	0.26	0.23
कंप्यूटर/माइक्रोप्रोसेसर	6.54	0.94	-	7.48	4.41	1.58	-	5.99	1.49	2.13
आवास सज्जा फर्नीचर के तहत आस्तियां	0.10	0.03	0.03	0.10	0.07	0.02	0.03	0.06	0.04	0.03
योग	**45.82**	**1.34**	**0.03**	**47.13**	**22.45**	**2.90**	**0.03**	**25.32**	**21.81**	**23.37**
पूर्वतम वर्ष	**44.51**	**1.52**	**0.21**	**45.82**	**20.26**	**2.39**	**0.20**	**22.45**	**23.37**	

@0.50 लाख रुपए से कम राशि

पूर्व वर्ष (करोड़ रुपए)					चालू वर्ष (करोड़ रुपए)
		अनुसूची - XII			
		अन्य आस्तियां			
	1.	प्राप्यनीय ब्याजः			
44.66		क. बैंक में जमा		49.19	
1.07		ख. निवेश		23.22	
0.00		ग. सीबीएलओ ऋण		@	72.41
	2.	अग्रिम, प्राप्यनीय, अग्रिम कर, टीडीएस आदि			
1.68		क. कर्मचारी ऋण एवं अग्रिम		1.86	
118.17		ख. अग्रिमकर,मांग का भुगतान,इत्यादि(निवल प्रावधान)		107.37	
3.11		ग. विदेशी ऋणों पर विनिमय दर हानि सरकार से वसूलनीय		2.60	
		घ. विविध वसूलनीय			
0.46		समेकित संदिग्ध	0.46		
0.46		घटाएं : प्रावधान	0.46	0.00	
2.49		ङ पूर्व चुकता व्यय		2.18	
2.02		च. सीसीआईएल में जमा		4.51	
0.69		छ. अन्य		5.78	124.30
3.05	3.	वायदा विनिमय अनुबंध			0.00
0.06	4.	ब्याज दर स्वैप पर प्राप्य ब्याज			0.03
149.37	5.	1991-92 का अपरिनिर्धारित लेनदेन		149.37	
0.00	6.	सीबीएलओ ऋण			18.44
27.54	7.	ज़ीरो कूपर बांड पर आस्थगित डिस्काउंट			15.43
0.00	8.	सॉफ्टवेयर आदि के उन्नयन के लिए अग्रिम			0.54
0.00	9.	एनपीए ऋणों की बिक्री से एआरसीआईएल से वसूलनीय राशि			9.12
353.91					**389.64**
		अनुसूची - XIII			
		आकस्मिक देयताएं (नोट के संदर्भाधीन)			
42.19	1.	आयकर		पैरा 21.2	76.77
14.02	2.	गृह ऋण खाता योजना में जमा		पैरा 23.3	6.17
94.38	3.	बंधक समर्थित प्रतिभूतिकरण निर्गम के लिए दी गई गारंटी			79.52
49.95	4.	वायदा विनिमय अनुबंध के में देनदारी			0.00
0.00	5	पूंजीगत वायदा के प्रति देनदारी		पैरा 31.2	1.58
200.54					**164.04**

अनुसूची-XIV

लेखा की अंगीभूत टिप्पणियां

क. महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां

1. सामान्य

बैंक अपना लेखा सामान्यतया स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार, प्रोद्भवन के आधार पर तैयार करता है ।

तुलन-पत्र और लाभ तथा हानि लेखा राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 और उसके अधीन निर्मित राष्ट्रीय आवास बैंक सामान्य विनियमावली, 1988 की अपेक्षाओं के अनुसार तैयार किए गए हैं ।

वित्तीय विवरणों की तैयारी में अपेक्षित है कि प्रबंधन प्राक्कलन तैयार करता है और अनुमान लगाता है जो रिपोर्ट की अवधि के दौरान वित्तीय विवरणों की उस तारीख पर आस्तियों एवं देयताओं की राशियों और आय-व्यय को प्रभावित करते हैं । प्रबंधन का विश्वास है कि वित्तीय विवरणियों को तैयार करने में प्रयुक्त अनुमान विवेकसम्मत और उपयुक्त हैं । वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं ।

2. राजस्व का अभिज्ञान

अनुपयोज्य आस्तियों को छोड़ कर, ऋणों एवं अग्रिमों पर ब्याज की गणना प्रोद्भवन के आधार पर की गई है । अनुपयोज्य आस्तियों के संबंध में, ब्याज की गणना प्राप्य आधार पर की गई है ।

आय की कुछ मदें (अर्थात, पूर्वभुगतान उद्ग्रहण, पेनल्टी, विविध प्राप्तियां आदि) लेखांकन मानक (एएस-9) के अनुसार नकदी आधार पर मानी जाती हैं । तथापि, ऐसी आय विशेष महत्व नहीं रखती है।

3. निवेश

3.1 वर्गीकरण

निवेश को "व्यापार के लिए रखा", "बिक्री के लिए उपलब्ध" और "परिपक्वता के लिए रखा" श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है :-

क. ऐसे निवेश जिन्हें अल्पावधि मूल्य/ब्याज दर में उतार-चढ़ाव से लाभ कमाने के विचार से किए जाते हैं, उन्हें "व्यापार के लिए रखा" वर्गीकृत किया जाता है । इस श्रेणी में ये निवेश अधिग्रहण की तारीख से 90 दिनों तक रखे जाते हैं ।

ख. वे निवेश जिन्हें परिपक्वता तक रखा जाता है, उन्हें "परिपक्वता तक रखा" श्रेणी में वर्गीकृत किया जाता है ।

ग. वे निवेश जिन्हें उपर्युक्त किसी भी श्रेणी में नहीं रखा जाता हैं, उन्हें "बिक्री के लिए उपलब्ध" श्रेणी में रखा जाता हैं ।

3.2 मूल्यांकन

3.2.1 निवेश का अधिग्रहण मूल्य निर्धारित करने में -

क. अभिदान पर प्राप्त दलाली/कमीशन को प्रतिभूतियों के मूल्य से घटा दिया जाता है ।

ख. अधिग्रहण के समय दी गई दलाली एवं अंतरण प्रभारों को पूंजीगत किया जाता है ।

ग. प्रतिभूतियों के अधिग्रहण की तारीख तक प्रोद्भूत ब्याज (अर्थात् खंडित अवधि का ब्याज) अधिग्रहण मूल्य से निकाल दिया जाता है और राजस्व में प्रभारित किया जाता है ।

3.2.2 "व्यापार के लिए रखा" श्रेणी में वर्गीकृत प्रत्येक पर्ची को (स्क्रिप्स), जहां बाज़ार की कोटेशन उपलब्ध होती हैं, उन्हें बही मूल्य अथवा बाज़ार मूल्य से कम पर मूल्यांकित किया जाता हैं । अवक्षयण, यदि है, तो उसे भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित निवेश वर्गीकरण के अनुसार, श्रेणी-वार जोड़ा जाता है तथा जिसे लाभ एवं हानि लेखा में दर्शाया जाता है जबकि लागत वृद्धि को शामिल नहीं किया जाता है । प्रत्येक पर्ची का बही मूल्य बदल जाता है ।

3.2.3 "परिपक्वता के लिए रखा" श्रेणी के निवेशों को अधिग्रहण मूल्य पर माना जाता हैं । जब कभी, बही मूल्य अंकित मूल्य/शोधन मूल्य से अधिक होता है, तो अतिरिक्त राशि को परिपक्वता की शेष अवधि में समान रूप से परिशोधित कर दिया जाता है ।

3.2.4 "विक्रय के लिए उपलब्ध" श्रेणी के तहत निवेशों को अंकित मूल्य अथवा बाज़ार मूल्य, जो भी कम हो, पर मूल्यांकित किया जाता है । जब बाज़ार कोटेशनें उपलब्ध नहीं हों, तब इस के लिए बाज़ार मूल्य को प्राप्य मूल्य माना जाता है जिसकी गणना स्थिर आय मुद्रा बाज़ार और भारतीय व्युत्पन्नी एसोसिएशन/ भारतीय प्राथमिक व्यापारी एसोसिएशन/भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार की जाती है । अवक्षयण, यदि कोई है, का निर्धारण भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विहित निवेश वर्गीकरण के अनुसार श्रेणी-वार और जिसे लाभ एवं हानि लेखा में दर्शाया गया है, किया जाता है और लागत वृद्धि को शामिल नहीं किया जाता है । प्रत्येक पर्ची का बही मूल्य नहीं बदलता है ।

3.2.5 राजकोषीय बिलों एवं वाणिज्यिक पेपरों को वर्तमान मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है ।

3.2.6 ऋणपत्रों/बंधपत्रों, इत्यादि के संबंध में, जहां आय/ मूलधन शोधित नहीं होता है, वहां अवक्षयण के लिए प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक के मानदंडों के अनुसार किया जाता है ।

3.2.7 आवास वित्त कंपनियों/भवन निर्माण सामग्री निर्माता उद्योगों के शेयरों में निवेश का श्रेणीकरण एएफएस श्रेणी के अनुसार कियाजाता है तथा उनका मूल्यांकन उन मूल्य या बाज़ार मूल्य या कंपनी के नवीनतम तुलन-पत्र में उल्लेखानुसार निवल आस्ति मूल्य पर, जब कंपनियां सूचीबद्ध नहीं हों, जो भी कम हो, किया जाता है और ये उपलब्ध न होने पर 1/-रुपया प्रति कंपनी की दर से किया जाता है ।

4. ऋण एवं अग्रिम

4.1 राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकों/भूमि विकास बैंकों में उनकी शाखाओं/प्राथमिक बैंकों द्वारा ग्रामीण आवास हेतु ऋणों के संबंध में विशेष ग्रामीण आवास डिबेंचरों में अभिदान राशि ऋण एवं अग्रिमों में दर्शायी जाती है ।

4.2 ऋणों एवं अग्रिमों की द्योतक आस्तियों को वसूली रिकार्ड के आधार पर मानक, उप-मानक, संदिग्ध और हानिप्रद वर्गीकृत किया जाता है । आस्तियों के लिए प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा पुनर्वित्त संस्थानों को जारी दिशा-निर्देशों या बोर्ड द्वारा यथा संशोधित निम्नानुसार किया जाता है :-

i.	मानक आस्तियां	- 0.40% और 20 लाख रु. तक और 20 लाख रु. से अधिक व्यैक्तिक आवास ऋणों के बारे में क्रमशः 1%
ii.	उप-मानक आस्तियां	- 10%
iii.	संदिग्ध आस्तियां	- आस्तियों के अनारक्षित भाग का 100% तथा आरक्षित भाग का 50% जो तीन वर्ष से कम लंबित रहे/तीन वर्ष से अधिक लंबित रहने पर 100%
iv.	हानिप्रद आस्तियां	- 100%

4.3 अग्रिमों एवं निवेश को निवल प्रावधान कहा गया है ।

4.4 मानक आस्तियों के लिए प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार और डूबी व संदिग्ध आस्तियों के लिए आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36(1)(viiए)(सी) के प्रावधानों के अनुसार किया जाता है जैसेकि "चालू देनदारियों और प्रावधान" के अधीन तुलन-पत्र में समूहबद्ध किया गया है ।

5. अचल आस्तियां

5.1 अचल आस्तियों को उनके समेकित मूल्यह्रास को घटाकर बाजार मूल्य पर कहा गया है ।

5.2 1000/-रुपए से कम मूल्य वाली आस्तियों को राजस्व में प्रभारित किया जाता है ।

5.3 विभिन्न आस्तियों पर मूल्यह्रास निम्नलिखित आधार पर किया जाता है :-

	आस्तियां	मूल्यह्रास की पद्धति	दर (%)
1.	परिसर	लिखित मूल्य	5
2.	फर्नीचर एवं जुड़नार	सीधी रेखा पद्धति	10
3.	कंप्यूटर एवं माइक्रोप्रोसेसर	सीधी रेखा पद्धति	33.33
4.	अन्य आस्तियां	सीधी रेखा पद्धति	20

5.4 आस्तियों के परिवर्धन पर मूल्यह्रास की गणना पूरी अवधि के लिए की गई है चाहे उसका अधिग्रहण कभी भी किया गया हो।

5.5 क्योंकि परिसरों के मूल्य में भूमि का पृथक मूल्यांकन उपलब्ध नहीं होता है, अतःपरिसरों के मूल्य में मूल्यह्रास (भूमि सहित) बैंक के पट्टाकृत परिसरों के संबंध में प्रभारित किया जाता है ।

6. कर्मचारी संबंधी सुविधाएं

उपदान (ग्रेच्युटी), पेंशन, अवकाश नकदीकरण के प्रति देयता का निर्धारण अवधि के अंत में बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर किया जाता हैं । वृद्धिशील देयता की व्यवस्था लाभ एवं हानि लेखा में प्रभारित करके की जाती है ।

7. पूर्वचुकता व्यय

अनुरक्षण अनुबंध, बीमा, अंशदान/सदस्यता शुल्क आदि से संबंधित 1 लाख रुपए और उससे कम के व्यय को चालू अवधि के व्यय में गिना गया है ।

8. आय-कर

चालू अवधि के आयकर के लिए प्रावधान का निर्धारण संबंधित मुद्दों पर विधिक राय लेकर पर्याप्त सोच-विचार के बाद किया गया है ।

9. आस्थगित कर

आस्थगित कर की पहचान, समय भिन्नता के अनुसार, वर्ष की कर योग्य आय और संगणित आय के बीच अंतर के अनुसार की जाती है तथा कर दरों व निर्मित कानूनों या बाद में निर्मित कानूनों के आधार पर मात्रा निर्धारित की जाती है जो तुलन-पत्र तैयार करने की तारीख पर थे ।

10. विदेशी मुद्रा संबंधी लेनदेन

10.1 भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी विदेशी मुद्रा दरों में परिवर्तनों के प्रभाव के लिए लेखांकन पर लेखांकन मानक (एएस-11) (संशोधित 2003) के अनुसार, विदेशी मुद्रा संबंधी लेनदेन की गणना निम्नानुसार की गई है :-

